जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 129 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 05 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हयात हाशमी राशन की दुकान चलाता है, इसके संगठन का पीएफआई से भी कनेक्शन

# कानपुर बवाल का मास्टरमाइंड अरेस्ट

### बवालैकड़ों पेट्रोल बम, अपनी ही फोर्स से बोले एसीपी अकमल खां- अरे चूड़ियां मंगवा दें क्या...पीछे क्यों हट रहे हो?





**कानपुरः** उत्तर प्रदेश के कानपुर में शुक्रवार को जुमे की नमाज के फौरन बाद कई इलाकों में हिंसा भड़क गई थी। इस मामले में पुलिस मास्टर माइंड जफर हयात की तलाश कर रही थी। इसके के लिए पुलिस और क्राइम ब्रांच की कई टीमें लगाई गईं थीं। पुलिस ने शनिवार दोपहर को मुख्स आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हयात को क्राइम ब्रांच ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। बता दें कि हयात जफर हाशमी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा सक्रिय है और वह पहले भी कई बार लोगों को उकसा कर उपद्रव करवा चुका है। वह सीएए और एनआरसी प्रदर्शन के दौरान भी काफी सक्रिय रहा था।

**हिंसा के पीछे कई साजिशकर्ता हैं शामिलः** पुलिस अफसरों का कहना है कि इसके पीछे कहीं न कहीं कई और लोग भी शामिल हैं, जो भीड़ जुटाने से लेकर बवाल कराने में शामिल रहे हैं। पुलिस ऐसे लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है। खुफिया विभाग भी अपने स्तर से ऐसे लोगों को चिह्नित करने का प्रयास कर रहा है। पुलिस के कई अन्य विंग ने भी गोपनीय तरीके से जांच शुरू कर दी है।

**क्या था पूरा मामलाः** भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी से मुस्लिम समाज के लोगों में नाराजगी है, जिसे लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद कानपुर में बवाल हो गया। इस बीच अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों और पुलिस के बीच भिड़ंत हो गई। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और लोगों को वहां से खदेड़ा। जोहर फैंस एसोसिएशन और अन्य मुस्लिम तंजीमों ने पहले ही शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय से कारोबार बंद रखने की अपील की थी। इसी बीच यह विवाद सामने आया।

**सीएए प्रोटेस्ट से जुड़ा है कानपुर हिंसा का मास्टरमाइंडः**

कानपुरः कानपुर हिंसा में दर्ज 2 एफआईआर में मौलाना मोहम्मद अली जौहर फैंस एसोसिएशन के अध्यक्ष हयात जफर हाशमी को मुख्य आरोपी बनाया गया है। पुलिस जांच में कानपुर हिंसा के तार चरमपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, यानी पीएफआई से जोड़े जा रहे हैं। जांच में ये बात सामने आई है कि हयात की एक कॉल पर हजारों लोग इकट्ठा हुए और उसके बाद हिंसा भड़क गई।

**सीएए और एनआरसी बवाल में भी सामने आया था नामः** चमनगंज में सरकारी राशन की दुकान चलाने वाला हयात इंटरनेट पर काफी सक्रिय रहता था। उस पर विवादित बयानबाजी के आरोप लगते रहे हैं। पिछले साल 21 अक्टूबर को हयात ने जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला था। इस पर उसके खिलाफ केस भी दर्ज हुआ था। कानपुर में हुए सीएए और एनआरसी बवाल में भी हयात का नाम सामने आया था।

**हयात ने बाजार बंदी का ऐलान न किया होता तो बवाल न होताः** 3 जून को सुबह से ही बेकनगंज में असहज करने वाला सन्नाटा था। बाजार बंदी के ऐलान के बाद इलाके में ज्यादातर दुकानें बंद रखी गई थीं, लेकिन यतीमखाना के पास के बाजार में दूसरे समुदाय के दुकानदारों ने दुकान खोली थीं। दोपहर 2.30 बजे के करीब नमाज के बाद लोग बाहर निकले और सीधे बाजार में खुली हुई दुकानों को जबर्दस्ती बंद कराने लगे।

## मुस्लिमों ने ही लूट ली मुस्लिम की दुकान



**कानपुरः** मैं बेटी के साथ बाजार जा रही थी। अभी घर से कुछ दूर निकले ही थे कि अचानक लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाजें आईं। थोड़ा आगे बढ़े तो फायरिंग की भी आवाज सुनी। अचानक हमारे सामने हजारों लोगों की भीड़ दिखी। हम डर से कांप रहे थे। मेरी बेटी तो रोने लगी थी। हम उल्टे पांव दौड़ते-हांफते घर भागे। भीड़ हमारे पीछे थी, वो हमारे घरों पर पत्थर फेंकने लगी। जैसे-तैसे घर के अंदर जाकर हमने सभी दरवाजे बंद कर लिए। कानपुर में शुक्रवार को हुई हिंसा को अपने आंखों के सामने देखने वाली एक महिला ने ये बातें कहीं। किसी की दुकान लूट ली, कोई घायल हो गया तो कोई बहुत मुश्किल से अपनी जान बचाकर वहां से भगा।

**पति की मौत के बाद खोली दुकान उसे भी तोड़ दीः** हाते में रहने वाली गीता कश्यप ने रुंधे गले से बताया कि उनके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। लोगों से कर्जा लेकर हाते के मेन गेट पर हमने एक दुकान खोली थी। अचानक हमले होने लगे। हमें दुकान बंद करने का भी वक्त नहीं मिला। दुकान का खोखा तोड़ दिया और सामान लूट गया। प्राइवेट नौकरी करने वाले अमन बाथम चंदेश्वर हाते में रहते हैं। वो दोपहर में अपने घर खाना खाने आए थे। तभी कुछ लोगों ने घेर कर उनके ऊपर पत्थरों से हमला कर दिया।

## कश्मीर : 177 कश्मीरी पंडित टीचर्स का हुआ ट्रांसफर

### नंतनाग के मट्टन में रहने वाले कश्मीरी पंडित रंजन ज्योतिषी ने बताया कि लोगों के सब्र का बांध टूट चुका है। हमारे कई लोग मारे जा चुके हैं



**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। कश्मीरी पंडित समुदाय से आने वाले 177 टीचर्स का ट्रांसफर घाटी से बाहर कर दिया है। सभी को कश्मीर के जिला मुख्यालयों में पोस्टिंग दी गई है। यह फैसला गृह मंत्रालय में हुई हाईलेवल मीटिंग के बाद लिया गया है।

**पंडितों का आक्रोश शांत कराने की कोशिशः** श्रीनगर चीफ एजुकेशन ऑफिसर की ओर से जारी एक पत्र में सभी टीचर्स के ट्रांसफर की जानकारी दी गई है। प्रशासन के इस फैसले को कश्मीरी पंडितों के आक्रोश को कम कराने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, घाटी में लगातार हो रही टारगेट किलिंग के बाद से ही कश्मीरी पंडितों में आक्रोश है।

**रजनी बाला की हत्या के बाद जम्मू में ट्रांसफर की मांगः** सांबा में 31 मई को टीचर रजनी बाला की हत्या के बाद से ही प्रदर्शन कर रहे थे। कश्मीरी पंडितों की मांग है कि उन्हें जम्मू में ट्रांसफर किया जाए, जिससे लगातार हो रही टारगेट किलिंग पर रोक लगे।

**सुरक्षाबल ही सुरक्षित नहीं, हमें कौन सुरक्षा देगा?ः** अनंतनाग के मट्टन में रहने वाले कश्मीरी पंडित रंजन ज्योतिषी ने बताया कि लोगों के सब्र का बांध टूट चुका है। हमारे कई लोग मारे जा चुके हैं। सरकार हमसे क्या चाह रही है? उन्होंने आगे कहा कि यहां सुरक्षाबल के लोग ही सुरक्षित नहीं है, तो हम कैसे सुरक्षित रहेंगे।

**घाटी में करीब 5900 कर्मचारी कर रहे कामः** घाटी में प्रधानमंत्री पैकेज और अनुसूचित जाति जैसी श्रेणियों में करीब 5900 हिंदू कर्मचारी हैं। इनमें 1100 ट्रांजिट कैंपों के आवास में, जबकि 4700 निजी आवासों में रह रहे हैं। पाबंदियों के बावजूद निजी आवास और कैंप में रहने वाले कर्मचारियों में से 80 फीसदी कश्मीर छोड़कर जम्मू पहुंच गए हैं। अनंतनाग, बारामूला, श्रीनगर के कैंप के कई परिवार पुलिस-प्रशासन के पहरे के कारण नहीं निकल पा रहे हैं।

## एथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल पर जोर

**पुणेः** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को एथेनॉल जैसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि और निर्माण उपकरणों में एथेनॉल के इस्तेमाल के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'वैकल्पिक ईंधन भविष्य है। इलेक्ट्रिक स्कूटर, कार व बसों के बाद अब जल्द ही इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर्स व बसें भी आएंगी। मैं इन्हें जल्द लांच करने जा रहा हूं।' गडकरी ने पुणे में यह बात राज्य स्तरीय शुगर कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कही।

## शाह से मिलते ही रोने लगे मूसेवाला के पिता

### फूट-फूटकर रोने लगे, कहा- सेंट्रल एजेंसी जांच करे



### मीटिंग के दौरान मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने गृह मंत्री शाह को बताया कि उनके बेटे की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई

**चंडीगढ़ः** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां सरपंच चरण कौर ने चंडीगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात चंडीगढ़ टेक्निकल एयरपोर्ट पर हुई। मुलाकात के दौरान मूसेवाला के पिता बलकौर रोने लगे। उन्होंने हाथ जोड़कर शाह से मूसेवाला हत्याकांड की जांच केंद्रीय एजेंसी से करवाने मांग की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत और गवर्नर बीएल पुरोहित मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने गृह मंत्री शाह को बताया कि उनके बेटे की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि वह छोटे से गांव से उठकर मशहूर हो गया। 6 दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक कातिल पकड़े नहीं गए। मूसेवाला की हत्या करने वाले राजस्थान और हरियाणा के भी बताए जा रहे हैं। इसलिए सेंट्रल एजेंसी से इसकी जांच करवाई जाए। गृह मंत्री शाह ने उन्हें भरोसा दिलाया कि परिवार को इंसाफ दिलाने में केंद्र सरकार उनकी पूरी मदद करेगी।

**हाईकोर्ट का सिटिंग जज से जांच से इनकारः** इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सिटिंग जज से मूसेवाला हत्याकांड की जांच करवाने से इनकार कर दिया है।

मूसेवाला के पिता की मांग पर पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को लेटर भेजा था। सरकार को दिए जवाब में कहा गया कि पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि हाईकोर्ट किसी सिटिंग जज को ऐसे मामले में जांच के लिए कहे। इसके अलावा जजों की कमी और केसों के लंबित होने का भी हवाला दिया गया है।

## नवीन पटनायक ने लिया सभी मंत्रियों का इस्तीफा

**ओडिशाः** ओडिशा में शनिवार को सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। दरअसल सीएम नवीन पटनायक मंत्रिमंडल में फेरबदल करना चाह रहे थे। राज्या का नया मंत्रिमंडल 5 जून को दोपहर 11.45 बजे शपथ ले सकता है। सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने पिछले महीने 29 मई को अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे किए हैं। इसके बाद से ही अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं कि मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल हो सकता है। कुछ विवादों के चलते सरकार की प्रतिष्ठा पर भी सवाल उठ रहे थे। मंत्रियों ने अपना इस्तीफा डिप्टी स्पीकर को सौंपा। सबसे पहले ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष सूर्य नारायण पात्रो ने अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया।

**ये मंत्री हो सकते हैं बाहरः** सूत्रों के मुताबिक उद्योग और ऊर्जा मंत्री कैप्टन दिब्या शंकर मिश्रा को कैबिनेट से बाहर किया जा सकता है। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री रघुनंदन दास, योजना एवं अभिसरण, वाणिज्य एवं परिवहन मंत्री बेहरा, इस्पात एवं खनन, निर्माण मंत्री प्रफुल्ल कुमार मलिक, कौशल विकास एवं शिक्षा मंत्री प्रेमानंद नायक का विभाग बदला जा सकता है।

## केमिकल फैक्ट्री में हादसाः 8 मजदूरों की मौत



**धौलानाः** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई है। 6 शव बाहर निकाले गए हैं। हादसे में 20 लोग झुलस गए हैं। मौके पर पुलिस और दमकल विभाग राहत बचाव में जुटा है।

झुलसे हुए लोगों की हालत नाजुक है, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। फैक्टरी में अंदर और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। धुएं का गुबार आसमान में फैल गया है।

**सीएम योगी ने जताया दुखः** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मजदूरों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराया जाए। सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और जांच के निर्देश दिए हैं। **प्लास्टिक पिघल कर मजदूरों के शरीर से चिपक गईः** फैक्ट्री में प्लास्टिक गलाने का काम होता है।

आग लगने के बाद प्लास्टिक पिघल कर मजदूरों के शरीर पर चिपक गई। जिसकी वजह से वो लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। मजदूरों की मौत का कारण दम घुटना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बॉयलर ब्लास्ट के दौरान आस-पास मौजूद फैक्ट्रियों की छतें तक उड़ गई। लोगों ने दूर तक धमाके की आवाजें सुनी। यह घटना हापुड़ के थाना धौलाना क्षेत्र में हुई है।

## चिंताजनकः कोर्ट में पेंडिंग हैं करीब साढ़े चार करोड़ मामले




**रायपुरः** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने अटल नगर के नवा रायपुर में रायपुर खंडपीठ परिसर में आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के नए केंद्रीय सचिवालय भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित उद्घाटन समारोह में बोलते हुए शनिवार को उन्होंने देश की अलग-अलग अदालतों में लंबित मामलों पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में लंबित मामलों की संख्या जिस तेजी से बढ़ रही है वह चिंता का विषय है।

**लोकसभा में केंद्र ने दी थी जानकारीः** गौरतलब है कि इससे पहले इस साल मार्च में केंद्र सरकार ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि देश की विभिन्न अदालतों में 4.70 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट में इस साल दो मार्च तक 70,154 मामले लंबित थे। कानून मंत्री किरण रिजिजू ने अपने लिखित जवाब में कहा था कि 25 उच्च न्यायालयों में 21 मार्च तक 58,94,060 मामले लंबित थे। उन्होंने कहा था कि अरुणाचल प्रदेश, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार में लंबित मामलों का आंकड़ा नेशनल ज्युडिशियल डाटा ग्रिड के पास उपलब्ध नहीं है।

**किरेन रिजिजू ने जताई चिंताः** कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों में वृद्धि का मतलब यह नहीं है कि मामलों की सुनवाई या निपटारा नहीं किया जा रहा है, बल्कि ऐसा इसलिए है क्योंकि नए मामलों की संख्या प्रतिदिन निपटाए जाने वाले मामलों की तुलना में दोगुनी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब मैंने कानून मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला तो विभिन्न अदालतों में लगभग 4.50 करोड़ मामले लंबित थे। अब यह संख्या 4.50 करोड़ से अधिक हो गई है। जल्दी ही यह 5 करोड़ तक पहुंच जाएगी। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि मामलों का निपटारा नहीं किया जा रहा है, लेकिन नए मामलों की संख्या निपटाए जा रहे मामलों से दोगुनी है।

## भारतः हर 36 शिशुओं में से एक की जन्म के पहले साल ही हो जाती है मौत

**नई दिल्लीः** बीते कुछ दशकों में शिशु मृत्यु दर में गिरावट देखने को मिली है। बावजूद इसके आधिकारिक आंकड़ों की मानें तो भारत में हर 36 शिशुओं में से एक की मृत्यु जीवन के पहले वर्ष के भीतर ही हो जाती है। शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) किसी देश या क्षेत्र के समग्र स्वास्थ्य परिदृश्य के कच्चे संकेतक के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। आईएमआर एक निश्चित अवधि में एक वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रति 1000 जीवित जन्मों पर होने वाली मौतों की संख्या है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक, आईएमआर का वर्तमान स्तर (वर्ष 2020 के लिए प्रति हजार जीवित जन्मों पर 28 शिशुओं की मृत्यु) 1971 की तुलना में एक चौथाई से भी कम (प्रति हजार जन्मों पर 129 शिशुओं की मृत्यु) है। आंकड़ों के मुताबिक, बीते दस वर्षों में आईएमआर में लगभग 36 फीसदी की गिरावट देखी गई है। पिछले दशक में अखिल भारतीय स्तर पर आईएमआर 44 से घटकर 28 हो गया है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 48 से घटकर 31 हो गया है और शहरी क्षेत्रों में यह 29 से घटकर 19 है। जिससे क्रमशः 35 फीसदी और 34 फीसदी की दशकीय गिरावट दिखती है। 'पिछले दशकों में आईएमआर में गिरावट के बावजूद प्रत्येक 36 शिशुओं में से एक राष्ट्रीय स्तर पर (ग्रामीण-शहरी) अपने जीवन के पहले वर्ष के भीतर ही मर जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### जल निकासी की व्यवस्था न होने से परेशानी

**लेड़ियारी।** स्थानीय बाजार में बरसात के समय सड़क की मरम्मत होने के बाद घर का दरवाजा निचे होने गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। निकासी के लिए नाली की व्यवस्था न होने से सड़क का पानी घरों में पानी भर जाता है। बाजार में सड़क के दोनों किनारे स्थित घरों में गंदा पानी हमेशा सड़क का पानी घरों में बहता रहता है। इसकी निकासी के लिए नाली की व्यवस्था बाजार के लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की है।

### कन्या विद्यालय खोलने की मांग

**लेड़ियारी।** लेडियारी एवं इसके आसपास बसे दर्जनों गांव के इर्द-गिर्द कन्या विद्यालय न होने से छात्राएं अपना हक पाने सं वंचित हो रही है। छात्रों के लिए तो कई इण्टर कालेज खोले गए हैं, लेकिन छात्राओं के लिए 10 किलोमीटर के इर्द गिर्द कोई कन्या विद्यालय नहीं है, जिससे शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें अपना घर छोड़कर दूसरी जगह जाकर शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है।एक बिद्यालय खुला है धनराजी ड्रिग्री कालेज गड़री नदी के किनारे ऐकान्त होने के कारण अभिवावकों को बच्चियों को आने जाने के लिए काफी दिक्कत उठाना पड़ता है जिससे गरीबी रेखा के नीचे जीविका चलाने वाले अभिभावक अपनी लड़कियों को प्राथमिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई। नहीं करा पाते हैं।

# करछना में संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुचे डीएम, उमडे फरियादी

## मनरेगा मजदूरों ने आठ महीने पूर्व कार्य की मजदूरी के लिए लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश


करछना में समाधान दिवस पर फरियादियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी

**करछना।** सपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम के आने की खबर सुन क्षेत्र के कई गाव से फरियादियो की भीड उमडी।इसमे कई ऐसे भी फरियादी थे जो कईबार से काम काज को लेकर तहसील का चक्कर काट रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही थी ऐसे फरियादी बडी आस लगाकर मौके पर पहुंचे और शिकायत भी दर्ज कराई किन्तु अधिक्तर लोग समस्याओ का निस्तारण नही पा सके और मायूस होकर वापस चले गये।क्षेत्र के नौगवा निवासी राम सुधार ने अपनी जमीन पर दबगो द्वारा जबरन कब्जे की शिकायत की इसी तरह भडेवरा के सुरेश चन्द्र शर्मा ने घर से निकास और बारिश के पानी के निकासी के सबध मे शिकायत दर्ज कराई।कुलमई के विनोद कुमार पाण्डेय ने अपने हिस्से की जमीन पर अभी तक वरासत दर्ज न होने की शिकायत की।इसी दौरान करछना गौहनिया मार्ग पर जल निगम की टूटी पाइप और मनरेगा मजदूरी न मिल पाने से मजदूरो द्वारा शिकायत की गई भुण्डा के धर्मेन्द्र कुमार ने पीडब्लूडी विभाग द्वारा ग्राम पचायत से बनी नाली को ध्वस्त किए जाने से बस्ती मे जल जमाव स्थिति हो गई की शिकायत की। उधर तहसील के काम काज,अनियमितता और भ्रष्टाचार पर नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्रीय भाजपाइयो ने 19 सूत्रीय शिकायत दर्ज कराते हुए निस्तारण की माग की।भाजपाइयो का कहना था कि तहसील मे फाइलो के निस्तारण मे देरी कर्मचारियो द्वारा अधिकारियो से मिलने के लिए रोकना,राजस्व कर्मियो की मिली भगत से धन उगाही,लबे समय से जमे कर्मचारियो का स्थानातरण करने और न्यायालय की पत्रावलियो मे व्यापक तौर से हेराफेरी आदि बातो को लेकर शिकायत की इसी क्रम मे छरिबना गांव की निवासिनी नीलम मिश्रा पत्नी सुरेश चंद्र मिश्रा ने जमीन पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। लगभग 350 मे से जिसमे सबसे अधिक शिकायते राजस्व की रही जिसमे 30 शिकायतो का मौके पर निस्तारण किया गया।सपूर्ण समाधान दिवस से खाली होने के बाद जिलाधिकारी ने आरके और एक लेखपाल को लापरवाही के लिए प्रतिकूल प्रवृष्टि देते हुए कडी हिदायत दी।इस दौरान फरियादियो को सभालने के लिए पुलिस कर्मियो को कडी मशक्त करनी पडी और कुछ लोगो से कहासुनी भी हुई।इस मौके पर एसडीएम अम्रता सिह एसएसपी अजय कुमार, सीओ राजेश यादव तहसीलदार रमेश पाण्डेय,नायब तहसीलदार विनय कुमार बीडीओ देव कुमार,पूर्ती निरीक्षक सुनील सिह, कानूनगो वैशाली शुक्ला, विपणन निरीक्षक राकेश सिह समेत कई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## 256 शिकायतों में एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

### कोरांव तहसील में आयोजित हुआ समाधान दिवस


कोरांव तहसील मे आयोजित संर्पण समाधान दिवस में फरियादी

**रत्योंरा / कोरांव।** सरकार भले ही संपूर्ण समाधान दिवसो में ग्रामीण क्षेत्रों के शिकायतकताओं की शिकायतों का अफसरों को त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के कड़े निर्देश दिए हों किंतु जिम्मेदार अधिकारियों के जमीनी हकीकत कुछ और ही बंया कर रही है। जिसके कारण संपूर्ण समाधान दिवस महज औपचारिकता बनकर रह गये हैं। शनिवार को कोरांव तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 256 शिकायती पत्र प्राप्त हुए मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। उमस भरी गर्मी व चिलचिलाती धूप में लोग यह आशा और उम्मीद लेकर आते हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होगा, किंतु जिम्मेदारअफसर सरकारी निदेशों को भी ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में अगर देखा जाए तो वही फरियादी बार-बार अपनी फरियाद लेकर अफसरों तक पहुंचते हैं। किसी भी समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण नहीं किया जाता है। जिससे वही फरियादी बार-बार अपनी फरियाद संपूर्ण समाधान दिवसों में करते रहते हैं। शनिवार को कोरांव तहसील में 156 शिकायतों में सर्वाधिक 132 शिकायतें राजस्व विभाग की रही, वहीं पुलिस विभाग की 33, विकास विभाग की 15, समाज कल्याण से 6, तथा 70 अन्य विभागों की शिकायतें दर्ज की गई। संपूर्ण समाधान दिवस में शिक्षा व स्वास्थ्य से जुड़ी कोई भी शिकायतें नहीं मिली। प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवसो में राजस्व विभाग की ही सर्वाधिक शिकायतें मिलती हैं।जिम्मेदार व कर्मचारी पूरे वर्ष भर आयोजित समाधान दिवसों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किस प्रकार व कैसे करते हैं यह बात समझ से परे है। वही फरियादी अपनी फरियाद लेकर बार-बार तहसील का चक्कर काटने के लिए मजबूर रहते हैं। सरकार भले ही संपूर्ण समाधान दिवसो के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों के शिकायतकताओं को न्याय दिलाने का प्रयास कर रही हो, किंतु शिकायत कताओं का संपूर्ण समाधान दिवस से भी अविश्वास उठता जा रहा है। ऐसे में सरकार को भी लोग कोसने का काम कर रहे हैं।

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश


प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र दिखाते दूंगा दूत

**प्रयागराज।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगादूत प्रशिक्षण का समापन श्रृंगवेरपुर धाम प्रयागराज में किया गया। दो दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण को 50-50 के 2 बैच में चलाया गया । समापन कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी शिरीष गुप्ता के मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और सभी गंगा दूतो को उनके द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी ने कहां गंगा नदी प्रदूषित होने के कारण आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है और इसे बचाने हेतु देश के युवाओं को आगे आकर प्रदूषण मुक्त करने की जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है तथा स्वेच्छा से आगे आकर गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़ने वाले गंगादूतो कि सराहना की। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे, जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, एडीओ कोऑपरेटिव , श्री उमेश द्विवेदी, भारतीय वन्यजीव संस्थान टीम से फील्ड इंचार्ज केपी उपाध्याय , शुभेंद्र, नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निदेशक कृष्ण कुमार मौर्या, राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा 2 दिवसीय भारतीय वन्यजीव संस्थान से फील्ड इंचार्ज केपी उपाध्याय ने गंगा का महत्व,जैव विविधता, जलीय जीव और डॉल्फिन पर विस्तार से पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। निदेशक कृष्ण कुमार मौर्य ने प्रतिभागियों को स्टोरी टेलिंग कहानी वाचन कहानी के माध्यम से प्रदर्शन के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक के तकनीकी पक्षों पर बातचीत किया। कार्यक्रम में स्वयं सेवक रोहित, अमन,अमित, हिमांशु, रितिका, आरती, दारा ने खास योगदान दिया।

## विवाहिता को जहर दे कर मार डालने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पति सहित तीन को भेजा जेल

**मऊआइमा।** दहेज में बाइक की मांग न पूरी होने पर एक सप्ताह पूर्व ससुरालियों ने विवाहिता को जहर देकर मार डाले थे। जिसमें दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शनिवार को पति सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासनीय शिवानी मौर्य को ससुरालियों ने दहेज में बाइक न मिलने पर जहर देकर 23 मई को मार डाले थे। जिसपर मृतका शिवानी मौर्या के पिता लल्लू राम मौर्या ग्राम मंशूरपुर थाना बहरिया ने मऊआइमा थाने में मृतका शिवानी मौर्या के पति अजय कुमार पुत्र भोलानाथ, ससुर भोलानाथ, सास कुसुम देवी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर तारा चन्द्र ,रमेशचंद्र, हेडकांस्टेबल बरसात लाल, अरशद खान, रीना पटेल ने मृतका के पति अजय कुमार, ससुर भोलानाथ, सास कुसुम देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कालिंदीपुरम कालोनी व कीडगंज में मचा बिजली के लिए हाहाकार

**प्रयागराज।** उमस भरी गर्मी के बीच बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई है। कीडगंज और कालिंदीपुरम क्षेत्र में बत्ती को लेकर हाहाकार मचा है। बिजली आपूर्ति न होने की वजह से ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं। इससे पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया है।

## रोस्टिंग कर दी जाएगी कालिंदीपुरम में बिजली

कालिंदीपुरम उप केंद्र से संबंधित क्षेत्र में चार से सात जून तक दो-दो घंटे की रोस्टिंग कर बिजली सप्लाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता बमरौली मनोज गुप्ता ने बताया कि कालिंदीपुरम उप केंद्र में एक नया फीडर बनाया जा रहा है, ताकि बिजली के लोड को नए फीडर में शिफ्ट किया जा सके। चार दिन मरम्मतीकरण चलेगा और इस दौरान रोस्टिंग कर बिजली आपूर्ति दी जाएगी। उनका कहना है कि नया फीडर बनने के बाद बिजली की समस्या दूर हो जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### अपना दल ( एस) के राष्ट्रीय सचिव बने राजेश पटेल



**मेजा रोड।** डॉक्टर सोनेलाल पटेल व अपना दल की विचारधारा जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित रहे राजेश पटेल बुलबुल को अपना दल (एस) का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। जमीन से जुड़े राजेश पटेल बुलबुल मृदुभाषी, सरल स्वभाव व कुशल समाजसेवी किसी के दुख सुख में बड़ी ही सरलता से उपलब्ध मिल जाने वाले ऐसे व्यक्तित्व के धनी को अनुप्रिया पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस/वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री भारत सरकार ने बड़ा भरोसा कर राष्ट्रीय सचिव मनोनित की जिससे प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों सहित बिहार, महाराष्ट्र मध्य प्रदेश, झारखंड, दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे स्थानों से मिली बधाई एवं शुभकामनाओं के लिए अनुप्रिया पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस एवं कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश का आभार प्रकट करते हुए मिले हुए जिम्मेदारी को आने वाले 2024 के चुनाव में मैं बेहतरीन कर सकूं इसके लिए संकल्पित हूं। श्री पटेल ने कहा कि जब से हमने होश संभाला है तब से अपना दल के लिए ही चला हूं और अंतिम सांस तक चलता रहूंगा।

### नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए युवक को थाने से छोड़ा



झूंसी। सरायइनायत थाना क्षेत्र में दो दिन पहले नशीले पदार्थ के साथ पकड़े गए युवक को छोड़ने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि पत्नी ने खुद अपने पति को नशीले पदार्थ के साथ पकड़वा कर उस पर दहेज का मामला दर्ज कराया है। एक युवती ने दो दिन पहले बहादुरपुर गांव निवासी अपने पति अतुल सिंह पर दहेज के लिए मारपीट व नशीला पदार्थ बेचने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने घर से कुछ भरे हुए इंजेक्शन व पुड़िया में पैक नशीले पदार्थ के साथ महिला के पति अतुल सिंह को गिरफ्तार कर थाने लाई। आरोप है कि आरोपी अतुल को पुलिस ने थाने से छोड़ दिया। जिसमे एक वीडियो भी वायरल हो रहा है मेज पर एक पालीथीन रखी हुई है जिसमे कुछ पुड़िया व इंजेक्सन दिख रहा है। मामले में सरायइनायत थाना अध्यक्ष सुशील दुबे का कहना है कि नशीला पदार्थ 50 ग्राम से कम था इस लिए उसे जेल नही भेजा गया।

### भूमि विवाद में चंद्रजीत यादव लहुलुहान



प्रतापपुर ।बरेस्ता कला, खजुरहिया गाँव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई ।जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के चंद्रजीत यादव को बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया।पीड़ित ने फूलपुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की माँग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार चंद्रजीत यादव घर के बगल अपनी जमीन में निर्माण कार्य करा रहे थे तभी विपक्षी विनोद कुमार यादव मौके पर आकर निर्माण कार्य रोक कर गाली देने लगे चंद्रजीत यादव ने जब गाली देने से मना किया तो लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिससे चंद्रजीत यादव के सिर में गंभीर चोट आने से घायल हो गया ।पीड़ित ने फूलपुर कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की माँग की है।

### सब्जी लेने घर से निकला नाबालिक हुआ लापता



मेजा रोड । मेजा थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला निवासी लकी दुबे पुत्र शशिकांत दुबे (16) गत 3 मई 2022 को मेजारोड से सब्जी लेने के लिए निकला था। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने हर जगह तलाश किया, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। परिजनों ने मेजा थाने में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। परिजनों ने अपील किया है कि अगर किसी को पता चले तो मोबाइल नंबर 8528334312 सूचना देने की कृपा करें।

### नवीनीकरण भवन का डीडीओ नें किया उदघाटन



**करछना।** वि.ख.करछना ब्लॉक परिसर में स्टोर रू एवं भवन के नवीनीकरण किया गया था जिसका शनिवार को जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार मौर्य व ब्लॉक प्रमुख श्री मती सरोज कमलेश द्विवेदी द्वारा उद्घाटन एवम निरीक्षण कार्य किया गया । इस मौके पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी सुरेश पांडेय ,एडीओ पंचायत रामेश्वरम्ब्लॉ सिंह, दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा मनीष शुक्ला, सहित सभी ब्लाक, एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवान सज्जनों का उद्धार और दुर्जनों का संघार किया करते हैं : हरिप्रपन्नाचार्य



**जंघई।** नेदुला गांव में पूर्व प्रधान देवेन्द्र दुबे के निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन की कथा को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को वैभव और पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो सच्चे मन से भगवान को याद करता है, भगवान स्वयं प्रकट हो कर उनकी रक्षा करते हैं। जैसे भगवान ने प्रहलाद को नरसिंह रूप में प्रकट होकर भयमुक्त किया था। उन्होंने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, कपिल चरित्र, भगवान बाराह व नरसिंह अवतार का वर्णन अपने प्रवचन कथा में किए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भागवत में ही वास करते हैं। जो व्यक्ति भागवत कथा का श्रवण करते हैं, उनके पाप, ताप, संताप सब मिट जाते हैं। कथा में स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य जीवन बड़े भाग्य से मिलता है। इसे व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। भगवत भजन में ध्यान लगाना चाहिए, इसी में मनुष्य का उद्धार है। उन्होंने कहा कि कलियुग में उम्र भी कम है, अतः युवावस्था में ही अच्छे कर्म कर लेना चाहिए। बाद में शरीर की क्या गति होगी, कोई नही जानता है। इसलिए शरीर में जब तक सांस है, अपने को भजन-कीर्तन में लगाएं। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कथा श्रवण करते हुए आरती प्रसाद ग्रहण किया।

# महाबली परिसर में लगाया गया ओपन जिम ग्रामीणों में खुशी

अखंड भारत संदेश


महाबली परिसर में लगा ओपन जिम को देखते लोग

**सोरांव।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। उक्त बाते सोरांव ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज ने कही।शुक्रवार को ग्राम पंचायत सराय ब्रिसिंह उर्फ बाहर सराय में ब्लॉक प्रमुख सोरांव के सौजन्य व खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव के निर्देश से लाखों रुपए की लागत से पूरे महाबली परिसर में ओपन जिम लगवाए गए। अब ओपन जिम लगने से ग्राम सभा के लोग सुबह-शाम अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम कर सकेंगे। जिससे लोगों के शरीर में पनप रहे तमाम प्रकार के रोगों से छुटकारा मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात तो यह है कि विगत वर्षो में सांसद, विधायक और ब्लॉक के अधिकारियों के सौजन्य से उक्त परिसर में 500 से ज्यादा विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधारोपण किया गया था। और ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार तथा ग्राम प्रधान मनोरमा देवी मौर्य तथा प्रधान पति राम गणेश मौर्य की देखरेख करते हुए तथा आवारा मवेशियों से सुरक्षा के लिए पूरे परिसर को कटीलों तारों से घेरा भी गया है। जिससे लगाए गए सभी पौधे इस विकराल गर्मी में भी हरे भरे है। जानकारी के अनुसार कुल उक्त परिसर में कुल 13 ओपन जिम लोगों की सुविधा के लिए लगाया गया है। जिसमे बच्चो से लेकर बुजुर्ग भी परिसर में जाकर विश्राम कर सकते है। और अपने स्वास्थ को फिट रखने के लिए व्यायाम कर सकें। ओपन जिम लगने से ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार सरोज, खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव संग ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, ग्राम प्रधान मनोरमा देवी प्रधान पति राम गणेश मौर्य, समाज सेवी शमशेर पटेल संग सभी को धन्यवाद भी दिए।

# सवा लाख सुंदरकांड पाठ से हो रही पवन पुत्र की आराधना

अखंड भारत संदेश

## बड़ियारी के लेटे हनुमान जी के भंडारे में उमड़ी भारी भीड़




**शंकरगढ़।** जनपद के समीपवर्ती जिला चित्रकूट के बड़ियारी लेटे हनुमान धाम में इन दिनों भक्तों का तांता लगा हुआ है। 27 मई से यहां पर सवा लाख सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ है। इसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ गैरजनपदीय लोग भी पहुंचकर लेटे हनुमान की आराधना कर रहे हैं। बड़ियारी के लेटे हनुमानजी के दरबार में सवा लाख सुंदरकांड पाठ के साथ अनवरत आराधना जारी है। एक माह तक चलने वाले इस आयोजन में सुदूर क्षेत्र से आने वाले भक्त प्रतिदिन यहां प्रसाद चढ़ाकर, भंडारा कर प्रभु का दर्शन और आशीर्वाद ले रहे हैं।

चित्रकूट जिले के मऊ तहसील में यमुना नदी के तट पर विराजमान हनुमानजी, बड़ियारी के हनुमानजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। यहां भक्तगण श्रद्धा पूर्वक दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कलयुग में भक्तों का कल्याण करने वाले प्रभु हनुमानजी के दर्शन के लिए यहां हमेशा भक्तों का तांता लगा रहता है। इस स्थल की उतनी ही मान्यता है, जितनी की प्रयागराज के संगम में स्थित लेटे हनुमान की। शनिवार को प्रज्ञा नर्सिंग होम, शंकरगढ़ के प्रबंधक व डॉ. प्रभाकर सिंह ने बड़ियारी के प्रभु हनुमानजी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन करवाया, जहां पर सुदूर क्षेत्र के सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. प्रभाकर सिंह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि बड़ियारी के बजरंगबली के दरबार में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिला।

स्वामी बृजेशानंदजी महाराज ने कहा कि यमुना के बीच बड़ीयारी में लेटे हनुमान के दर्शन मात्र करने से सभी कष्टों का निवारण होता है। यहां यमुना के तट पर लेटे हनुमान भक्तों के भी जीवन में सुख-शांति लाते हैं। शनिवार को राम अभिलाष सिंह, गोपाल दास गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, रामायण शुक्ला, अनूप केशरवानी, रोहित केसरवानी, रतन केसरवानी, जय केसरवानी, नरेंद्र गुप्ता, डॉक्टर प्रेमचंद, मनीष कुमार केसरवानी, बल्लू केसरवानी, टमाटर गुरु, मुकेश पाठक, उग्रसेन द्विवेदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# घर में घुस कर महिला को मारा पीटा गया और कपडे फाड़ दिए

**मऊआइमा।** घर के सामने गोबर रखने से मना करने पर महिला को उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया और कपडे फाड दिए गए एंव अश्लील हरकतें की गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसके घर के सामने पडोसी गोबर का घूर लगा रहे थे। मना करने पर घर में घुस कर मारे पीटे और कपडे फाड दिए एंव अश्लील हरकतें की । पुलिस ने महिला को तहरीर पर संदीप कुमार ,रविशंकर, रमेश कुमार, अशोक कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

## भाजपा नेता के घर से सोलर लाइट की बैटरी चोरी

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत ग्राम सभा सोरों निवासी एवं भाजपा पदाधिकारी रमेश चंद्र केसरवानी द्वारा सरायममरेज थाना प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया है कि उनके घर के सामने बने मंदिर के पास सांसद निधि से सोलर लाइट लगी हुई है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोलर लाइट में लगी बैटरी को लाक तोड़कर चोरी कर लिया गया है इसके पूर्व भी चोरों द्वारा मंदिर प्रांगण से बल्ब चोरी किया था मनबढ़ चोरों के उपर कार्यवाही न होने के कारण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बराबर होती रहती है सरायममरेज थाना एवं पुलिस चौकी जंघई जाकर हमने बैटरी चोरी संबंधित प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक चोरों का पता नहीं लग पाया है अतः अतिशीघ्र पुलिस कार्रवाई करते हुए चोरी का खुलासा करें ताकि क्षेत्र में हो रही चोरी पर अंकुश लग सके।

## खबर संक्षेप

### पीड़िता को आशा ज्योति केंद्र से अवमुक्त न कराने पर परिजनों को किया जा रहा परेशान

**सोरांव।** बीते 19 मई को सोरांव थाना में अपराध संख्या 297/22 अंतर्गत अपहरण और गाली गलौज का मुकदमा वादी सुजीत पटेल पुत्र राम बिंद निवासी भदरी ने दर्ज करवाया था। जिसमें वादी ने आरोप लगाया था कि उक्त दिनांक को मेरी बहन घर में अकेली थी तभी मौका पाकर गांव के ही सुजीत कुमार ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मेरी बहन को बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसकी तलाश करते हुए विवेचक ने लड़की को कई दिनों बाद बरामद किया। अब लड़की नारी निकेतन प्रयागराज में है।

### रैली निकाल किया जागरूक

**प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को अपराध निरोधक समिति ने जागरूकता रैली निकली। आईजी रेंज कार्यालय सिविल लाइंस से अपराध निरोधक समिति के सदस्यों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों से अपील की। आईजी रेंज डॉ. आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। सिविल लाइंस से होते हुए रैली कंपनीबाग पहुंची जहां पर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

# डूडा की आवासीय कालोनी में 91 परिवारों का अवैध कब्जा

## कब्जा हटवाने के लिए नगर पंचायत ने तहसील प्रशासन को लिखा पत्र

आलोक गुप्ता






**शंकरगढ़।** गरीबों को छत मुहैया कराने के उद्देश्य से बनाई गई डूडा आवासीय कॉलोनी पूरी तरह से अवैध कब्जा धारकों के चंगुल में है। इस संबंध में नगर पंचायत शंकरगढ़ ने डूडा आवासीय कालोनी का सर्वे करवाया और वहां रहने वाले लोगों से वैध प्रमाणपत्र की तस्दीक की। इस छानबीन के बात यह बात निकलकर आई कि यहां पर 91 आवासों में अवैध कब्जा धारकों का कब्जा है। इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से सभी को नोटिस दी गई है। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि एक शिकायत के क्रम में उक्त मामले की जांच करवाई गई, जिसमें अवैध कब्जे की बात सामने आई है।

ईओ शंकरगढ़ ने बताया कि जांच के दौरान स्थिति साफ होने पर सभी अवैध कब्जा धारकों को बेदखल किए जाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। बताया कि डूडा आवासीय कालोनी का निर्माण नगर पंचायत की सीमा में स्थित वार्ड संख्या दो में करवाया गया है। उक्त आवासीय परिसर में अवैध रूप से कब्जा जमाए लोगों को आवास खाली करने की नोटिस दी गई है, ताकि वास्तविक आवंटियों को कब्जा दिलाया जा सके।

बताया कि इसकी सूची तैयार कर ली गई है। इसके लिए एसडीएम बारा को लिखा गया है, ताकि पर्याप्त सुरक्षा बल की मौजूदगी में आवासों को खाली करवाया जा सके। नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से जारी की गई सूची में 91 लोग ऐसे पाए गए हैं, जिन्होंने डूडा आवासीय कालोनी में अवैध तरीके से कब्जा जमा रखा है। इन सभी को वैध कागजात दिखाने की मोहलत दी गई थी, लेकिन अभी तक किसी ने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। अब सभी को आवास से बेदखल किया जाएगा। बता दें कि शंकरगढ़ के वार्ड नंबर 2 में 407 गरीब परिवारों के लिए डूडा कॉलोनी का निर्माण कराया गया था।

# प्रयागराज में दो माह में 10 हजार टन भी गेहूं की खरीद नहीं हुई

**प्रयागराज।** रूस और यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध का असर इस बार गेहूं खरीद पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। वहां गेहूं की पैदावार पर असर पड़ा तो यहां से निर्यात किया जाने लगा। किसानों को घर बैठे गेहूं का बेहतर दाम भी मिल रहा है। शासन की ओर से 2015 रुपये कुंतल में इस बार गेहूं खरीद प्रदेश भर में की जा रही है। वहीं किसानों को क्षेत्रीय व्यापारी घरों पर ही जाकर दो हजार रुपये कुंतल में गेहूं खरीद रहे हैं।

**घर पर ही किसानों को व्यापारी दे रहे गेहूं की कीमत :** घर पर ही अच्छे दाम मिलने के कारण क्रय केंद्रों तक गेहूं बेचने किसान नहीं जा रहे हैं। इसका असर भी नजर आ रहा है। दो माह में क्रय केंद्रों पर अब तक 9 हजार टन ही गेहूं की खरीद नहीं हो सकी है।

**प्रयागराज में 75 हजार टन है गेहूं खरीद का लक्ष्य :** प्रयागराज जिले में इस बार गेहूं खरीद का लक्ष्य 75 हजार टन है। इसके सापेक्ष दो माह में महज नौ हजार टन ही गेहूं खरीद हो पाई है। 15 जून से गेहूं की खरीद बंद हो जाएगी। गेहूं बिक्री के लिए किसानों को परेशान न होना पड़े, इसके लिए क्रय 73 क्रय केंद्र खोले गए हैं। इन सभी केंद्रों को मिलाकर नौ हजार टन ही गेहूं खरीद हुई है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए गांव-गांव जाकर गेहूं खरीद की सुविधा दी गई। इसके बावजूद किसान क्रय केंद्र नहीं आ रहे हैं।

**बोले, जिला विपान अधिकारी :** जिला विपणन अधिकारी विपिन कुमार राय ने बताया कि दो माह में 2500 किसानों ने गेहूं बेचा है। किसानों को बेहतर दाम घर पर ही मिल रहा है। इस कारण से इस बार क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद प्रभावित हुई है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन मतलब जीवन की सुरक्षा करना'

## यातायात पुलिस और जिला अपराध निरोधक समिति ने सड़क सुरक्षा जागरुकता के लिए निकाली रैली, आईजी डा. राकेश कुमार सिंह ने दिखाई हरी झंडी

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** सड़क पर सफर के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करना नितांत आवश्यक होता है। यदि हम इसका पालन नहीं करेंगे तो कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इससे न सिर्फ हम खुद की जान को जोखिम में डालेंगे, बल्कि दूसरों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। यह बातें पुलिस महानिरीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह ने कही। सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली को रवाना करते हुए आईजी ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। ट्रैफिक सिग्नल को फालो करें।

**यातायात पुलिस और जिला अपराध निरोधक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली**

पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय, थार्नहिल रोड से शुरू होकर सुभाष चौराहा, हनुमान मंदिर, कंपनी बाग होते हुए शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क के गेट पर समाप्त हुई। रैली में 200 बाइकर्स और स्कूटी चालक महिलाएं शामिल हुईं, सभी के हाथ में सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देने वाली तख्तियां थीं। बाइक सवार माइक के जरिए लोगों को जागरुक कर रहे थे। रैली के समापन मौके पर पूर्व मंडलायुक्त आरएस वर्मा ने आह्वान किया कि नशे की हालत में, मोबाइल चलाते हुए और तेज गति से वाहन न चलाएं। रेड लाइट कभी क्रॉस न करें, सीट बेल्ट/हेलमेट का इस्तेमाल करें। सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सफल सड़क जागरूकता रैली निकालने के लिए जिला अपराध निरोधक समिति के सभी पदाधिकारियों, वॉलंटियर्स और यातायात पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। रैली की कंट्रोलिंग व्यवस्था यातायात पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार दीक्षित द्वारा गठित दस्ता के द्वारा की गई। रैली में अशोक सिंह, हसन नकवी कुलदीप धर, शोएब आलम, आनंद सिंह, एसएम सिंह, चमन, शिवकुमार सिंह, अशोक कुशवाहा, आनंद सिंह, अनुपम विश्वकर्मा, विपिन कुमार यूथ टीम प्रभारी आमिर अभिषेक बर्मा, गणेश मोहन श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, विशाल श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, कयामुद्दीन शकील अहमद, आयुष जायसवाल, कुणाल जायसवाल, अमन कुमार, राहुल मिश्रा, भावना त्रिपाठी, शिवा त्रिपाठी मौजूद रहे।


# बारात में मारपीट दूल्हा सहित आधा दर्जन घायल

**नवाबगंज।** नवाबगंज के खिदिरपुर कौड़िहार से थरवई के जिंसी गांव में लालजी यादव के यहां शुक्रवार की रात बारात आई थी। दूल्हे की कार रात तकरीबन 11 बजे चालक जनवासे में खड़ी कर रहा था। तभी घराती पक्ष के युवक से विवाद हो गया। घराती पक्ष ने चालक को पीट दिया। जानकारी बारातियों को हुई तो वे आरोपी के घर चढ़कर विवाद करने लगे। इससे नाराज घरातियों ने बारातियों पर हमला कर दिया। दूल्हे सहित आधा दर्जन बारातियों को पीट दिया। यह देख रात में ही सभी बाराती भाग गए। मारपीट में दूल्हे का कार चालक गंभीर घायल हो गया। इससे नाराज दूल्हे ने शादी से मना कर दिया। सूचना पर पहुंची थरवई पुलिस ने घायल चालक को अस्पताल भेजकर मारपीट के आरोप में कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। समझा-बुझा कर पुलिस ने भोर में शादी कराई।

# अकबर किले के पास अवैध कब्जा से सैन्य सुरक्षा को खतरा

अखंड भारत संदेश

## रक्षा मंत्रालय को भेजा गया पत्र



**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र में अकबर के किले में स्थित आयुध भंडार के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र में तेजी से बढ़ते अतिक्रमण को सैन्य संस्थान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बडे.हनुमान मंदिर से त्रिवेणी रोड तक सेना की जमीन पर अवैध कब्जे बढ़ते जा रहे हैं।किले में स्थित रक्षा मंत्रालय के आयुध भंडार की सुरक्षा के लिए इसे शुभ लक्षण के रूप में नहीं देखा जा रहा है। इसे लेकर ओडी फोर्ट के अफसरों ने रक्षा संपदा विभाग को पत्र भेजा है। रक्षा संपदा विभाग को भेजे गए पत्र में जल्द से जल्द अतिक्रमण हटवाने का अनुरोध किया है, ताकि ओडी फोर्ट की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की समस्या न खड़ी होने पाए।संगम क्षेत्र में बडे.हनुमान मंदिर के आसपास सेना की जमीन पर वर्षों से कब्जा है। सेना की जमीन पर लगातार हो रहे पक्के निर्माण को लेकर अफसर चिंतित हैं। किले के भीतर कड़े सुरक्षा घेरे में स्थित मूल अक्षयवट और सरस्वती कूप से महज सौ मीटर के दायरे में बड़े हनुमान मंदिर के आसपास अवैध अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए सेना अब कड़ा रुख अख्तियार कर सकती है।

### पैमाइश में सेना की जमीन पर पाया गया हनुमान मंदिर प्रबंधन का कब्जा

सेना के अनुरोध पर हाल में प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से कराई गई पैमाइश में संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर की भूमि पर बड़े हनुमान मंदिर प्रबंधन का कब्जा पाया गया है। प्राधिकरण ने इसकी पैमाइश कराने के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी है। इससे रक्षा मंत्रालय को भी अवगत कराया गया है।

### छह साल से अतिक्रमण हटाने के लिए जूझ रहे अफसर

किले में सेना के आयुध भंडार से लगे प्रतिबंधित क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के लिए पिछले छह वर्षों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन, रसूख और राजनीतिक दबाव के आगे नतीजा सिफर ही रहा है। कहा जा रहा है कि ऐसे में आयुध डिपो की सुरक्षा की अनदेखी किसी भी समय खतरे की घंटी साबित हो सकती है। वर्ष 2016 से ही ओडी फोर्ट के अफसर रक्षा संपदा विभाग से पत्राचार कर रहे हैं। सेना अतिक्रमण के खिलाफ तत्काल कार्रवाई को लेकर हमेशा गंभीर रही है। ओडी फोर्ट के अफसर चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो सके, किले के आसपास से अतिक्रमण हटवा दिया जाए। साथ ही अवैध निमाणों को बुलडोजर चलाकर मुक्त करा लिया जाए।

### सेना ने रक्षा मंत्रालय को भेजा पत्र, कहा- प्रभाव के बल पर नहीं हट पा रहा कब्जा

ऐसा भी नहीं कि इसके लिए इससे पहले कोई प्रयास नहीं किया गया। अफसरों की मानें तो कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन पैरवी और प्रभाव के बल पर इस मामले को रोकवा दिया गया। इससे आयुध भंडार के आसपास अतिक्रमण जस का तस रह गया। सब एरिया और ओडी फोर्ट के अफसरों ने रक्षा संपदा विभाग को एक बार फिर पत्र लिखकर ओडी फोर्ट के आसपास से अतिक्रमण हटवाने का आग्रह किया है, ताकि सैन्य संस्थान की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार का व्यवधान पैदा न हो।इस पत्र में ओडी फोर्ट के आसपास सेना की जमीन पर ईंट-सीमेंट से तेजी से बढ़ रहे पक्के निमाणों पर चिंता जताई गई है। हालांकि पिछले वर्षों में सेना ने कुछ पक्के अतिक्रमण हटाए भी हैं। तब सेना ने बुलडोजर चलवाकर संगम और आसपास के इलाके में धर्म की आड़ में किए गए कई अवैध निमाणों को ध्वस्त करा दिया था, लेकिन, बेनी बांध से लेकर, बड़े हनुमान मंदिर और अक्षयवट मार्ग तक अभी भी बड़े पैमाने पर कब्जा बना हुआ है।

# देश विदेश के ख्याति प्राप्त ओलमाओं के साथ कई शायरों ने पढ़े कसीदे

अखंड भारत संदेश

### सेमिनार में रहबर ए इन्केलाब इमाम खुमैनी और अल्लामा जीशान हैदर जव्वादी के खिदमात पर हुई परिचर्चा

**प्रयागराज।** दरियाबाद स्थित दरगाह हजरत अब्बास मे जामतुल मुस्तफा अल उजमा आलमिया भारत की ओर से दुनिया की दो अजीम शख्सियतो की याद मे एक आलमी सेमिनार का आयोजन किया गया। रहबर ए इन्केलाब इमाम खुमैनी व अल्लामा जीशान हैदर जव्वादी की खिदमात और उनके कौमी जजबे पर ओलमाओं ने तकरीर की।मेहमाने खुसूसी के तौर पर हुज्जतुल इसलाम वल मुस्लेमीन आकाई मोहम्मद शाकिर साहब किबला जामतुल उजमा अल आलमिया देहली मौलाना शमीमुल हसन साहब बनारस ,मौलाना मोहम्मद हसन मारुफी साहब लन्दन ,मौलाना फय्याज हुसैन साहब देहली ,मौलाना नाजिम अली साहब खैराबादी मऊ ,मौलाना मंजर सादिक साहब लखनऊ ,मौलाना सैय्यद हमीदुल हसन जैदी साहब सीतापुर ,मौलाना सय्यद रजी हैदर साहब इलाहाबाद ने अपने तास्सुरात का इजहार करते हुए दो अजीमुश्शान शख्सियतो की याद को ताजा करते हुए उनके कौमो मिल्लत और बहबूदी के लिए किए गए कामों का तजकेरा किया।मौलाना जव्वादुल हैदर रिजवी की कयादत मे हुए एक रोज के सेमिनार की निजामत शायर अनीस जायसी ने की शायर रौनक सफीपूरी ने अपने तास्सुरात का कुछ इस अन्दाज मे जिक्र किया।पढ़ा-करबला वाले जिधर से भी गुजर जाते हैं।इन से तुफान भी टकरा के बिखर जाते हैं।शायर डॉ आजम मेरठी ,शायर व मौलाना आमिरुर रिजवी ,शायर जमीर इलाहाबादी ,शायर जावेद रिजवी करारवी ने भी अपने अशआर से अजीम शख्सियतो पर रौशनी डाली।मौलाना अम्मार जैदी , खतीब ए अहलेबैत रजा अब्बास जैदी ,जलाल हैदर ,फैजयाब हैदर ,खुशनूद रजा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# तहसील दिवस पर मिली 338 शिकायतें, निस्तारण शून्य

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** शनिवार को तहसील मेजा में एडीएम सिटी जेपी सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग से 151, ब्लॉक से 46, पुलिस विभाग से 66, स्वास्थ्य विभाग से 01, शिक्षा विभाग से 03, समाज कल्याण से 09 अन्य विभाग से 62 व कुल मिलाकर 338 शिकायतें प्राप्त हुई। मजे की बात यह है कि तहसील दिवस में एक सज्जन आराम से कुर्सी पर बैठकर खरार्टे ले रहे थे उनसे पूछा गया कि आप किस विभाग से हैं तो वह कभी मेजा सीएचसी के डॉक्टर बताते तो कभी नलकूप विभाग के अफसर बताते रहे, यह नहीं पता चला कि कौन से विभाग से हैं। देखते देखते वह गायब हो गए। इसी तरीके से इटवा कला गांव का मामला आया जिसमें ग्राम पंचायत सेक्रेटरी को जब बुलाया गया तो वहां पर मौजूद ना होने के कारण एसडीएम ने फटकार लगाते हुए तुरंत एडीओ कोआपरेटिव विष्णु प्रभाकर मिश्रा से कहा कि जो-जो सेक्रेटरी नहीं आए हैं उनका अभी अटेंडेंस लेकर हमें रिपोर्ट करो।मौके पर एसडीएम विनोद कुमार पांडे, तहसीलदार गजराज सिंह यादव, मत्स्य विभाग से शीला देवी, एडीओ कोआपरेटिव शंकर द्विवेदी उरुवा, एडीओ कोआपरेटिव विष्णु प्रभाकर मिश्रा मेजा, एडीओ पंचायत उरुवा सुदामा राम गावडे, मेजा थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# अमृत सरोवर योजना से तालाबों का होगा जीर्णोद्धार : राजमणि कोल

### विधायक के नेतृत्व में ठाकुरतालाब भगेसर की हुई सफाई, किया पौधरोपण



**रत्योंरा।** भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार प्रयागराज के नेतृत्व में कोरांव तहसील क्षेत्र के भगेसर गांव में स्थित ठाकुर तालाब की साफ-सफाई अमृत सरोवर योजना के तहत की गई। साफ-सफाई कार्य के दौरान बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल भी मौजूद रहे। विधायक ने खुद तालाब की सफाई कर अमृत सरोवर अभियान का शुभारंभ किया। साफ सफाई कार्य के बाद विधायक राजमणि कोल ने तालाब पर पौधरोपण कर ग्रामीणों को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने इस दौरान कृषकों को पौधे उपलब्ध कराकर उन्हें रोपने व उनकी देखभाल तथा सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। अमृत सरोवर अभियान के शुभारंभ के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक राजमणि कोल ने कहा कि सरकार अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का जीर्णोद्धार करने का काम कर रही है जो काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि तालाबों का अस्तित्व खतरे में था जिसे बचाने के लिए सरकार ने अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया है। भगेसर में किसान संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां विधायक ने उन्नतशील एवं प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री किसान मोर्चा मुकेश पांडेय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान बम भोले सिंह, मंडल अध्यक्ष रेवती पाल, रवि द्विवेदी, शिव कुमार मौर्य, सुरेंद्र द्विवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह, रंजय मिश्र, चंद्र भूषण सिंह, कृष्ण देव मिश्र, दिनकर पांडेय, जमुना प्रसाद मिश्र, रामराज सिंह, शशि तिवारी, राकेश मिश्र, रज्जू कोल, पवन सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, विनोद ओझा समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण सिंह एवं संचालन ताराशंकर पांडेय जिला महामंत्री ने किया।

# कौड़िहार ब?लाक में कंप्यूटर संग आवश?यक आंकड़े भी चोरी

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिले के कौड़िहार ब्लाक मुख्यालय में शुक्रवार रात कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर बदमाश चार कंप्यूटर उठा ले गए। शनिवार सुबह कर्मचारी पहुंचे तो ताला टूटा देख सन्न रह गए। अंदर कमरे से चार कंप्यूटर के गायब होने पर अधिकारियों को सूचना दी गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**कंप्यूटर में विकास कार्यों, भुगतान आदि संबंधित आंकड़े फीड थे**

अहम बात यह है कि कौड़िहार ब?लाक मुख?यालय से कंप्यूटर तो चोरी हुए ही, उसमें फीड विकास कार्यों, भुगतान आदि से संबंधित आंकड़े भी गायब हो गए। इन कंप्यूटरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा के तहत खोदवाए जा रहे अमृत सरोवर, विभिन्न पेंशन योजनाओं के आंकड़े भी थे। इसके साथ ही गांवों में कराए गए विकास कार्यों का डाटा भी था। इन्हीं कंप्यूटर में भुगतान से संबंधित डाटा शीट भी रखी थी।

# 16 साल पहले काशी में हुए बम धमाके में वलीउल्लाह दोषी करार

अखंड भारत संदेश

### सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

**प्रयागराज।** वाराणसी बम धमाके में 16 साल बाद अदालत ने वली उल्लाह को दोषी माना है। सजा पर फैसला सोमवार को होगा। दोषी वली उल्लाह डासना जेल में बंद है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश चंद्र शर्मा ने बताया कि दोपहर 3:30 बजे जितेंद्र सिन्हा ने दोषी करार दिया आरोपी वलीउल्लाह प्रयागराज में फूलपुर इलाके का रहने वाला है। सात मार्च 2006 को वाराणसी के संकट मोचन मंदिर में शाम के समय दर्शन पूजन चल रहा था। मंदिर के पास में एक वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। तभी वैवाहिक स्थल के पास से एक तेज धमाके की आवाज आयी । इस धमाके में कई लोगों की मौत हो गई जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। ब्लास्ट की गूंज इतनी तेज थी कि आधा शहर किसी बड़ी घटना से सहम उठा। ठीक उसी वक्त एक और धमाका कैंट रेलवे स्टेशन के पर्यटक रूम के बगल हुआ था।

**27 लोगों की मौत, दो कुकर बम बरामद :** धमाका इतना शक्तिशाली था कि जमीन में दो फिट के गड्ढे बन गए थे।. संकट मोचन और कैंट रेलवे स्टेशन के सीरियल ब्लास्ट में 27 लोगों की मौत हुई थी। हादसे में 160 के ऊपर लोग घायल हो गए थे।. इस दौरान वाराणसी के गोदलिया दूध मंडी के पास दो कुकर बम बलास्ट होने से पहले बरामद हुए थे। बरामद कुकर बम को बम स्काइव्ड ने ब्लास्ट होने से पहले डिफ्यूज कर दिया था।

**फूलपुर का रहने वाला दोषी वलीउल्लाह :** इस मामले में सीबीसीआईडी ने कुछ दिन बाद इलाहाबाद के फूलपुर निवासी वलीउल्लाह को गिरफ्तार किया था। इसमें अन्य आरोपियों में शामिल कुछ और नाम भी सामने आये थे, इनमें मुस्तकीम, जकारिया और चंदौली के लौंदा झांसी गांव का शमीम भी शामिल था। मगर वलीउल्लाह के अलावा एजेंसियों के हाथ दूसरा कोई आरोपी नहीं आया।

**गाजियाबाद जेल में बंद है वलीउल्लाह :** वलीउल्लाह इस समय गाजियाबाद जेल में है। वाराणसी और इलाहाबाद में वकीलों द्वारा मुकदमा न लड़ने के कारण विस्फोट से संबंधित वलीउल्लाह का केस गाजियाबाद ट्रांसफर हुआ था।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट से पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक को मिली सशर्त जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पंजाब नेशनल बैंक इकौना शाखा, श्रावस्ती के प्रबंधक रजनीश कुमार की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति पर रिहा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने दिया है।

**30 खातों से 20 लाख रुपये निकालने का है आरोप :** याची सहित अन्य अधिकारियों पर 30 खातों से 18 से 20 लाख रुपये निकालने का आरोप है। अर्जी पर अधिवक्ता आरएन यादव व अभिषेक कुमार यादव ने बहस की। उनका कहना था कि विभागीय जांच में याची को सुपरविजन ठीक से न करने के लिए दो वर्ष के लिए न्यूनतम वेतनमान का दंड दिया गया है।

**बैंक कैशियर की जमानत अर्जी लंबित :** एफआइआर कैशियर संतोष कुमार के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। उसकी जमानत अर्जी लंबित है। बाद में याची का नाम शामिल किया गया। याची पर किसी प्रकार का लाभ अर्जित करने का साक्ष्य नहीं है। वर्तमान शाखा प्रबंधक भीम कुमार को जमानत मिल चुकी है।

# अधिकारी शिकायतों का परीक्षण कर समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं: डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 417 शिकायतकर्ता आये, 13 का हुआ निस्तारण



समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में आयोजित किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुना गया। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास से सम्बन्धित शिकायतों को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्रमबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों को सुना गया एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कुण्डा तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 417 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 13 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 417 शिकायतों में से 183 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 112, विकास विभाग से 22, समाज कल्याण विभाग से 06, शिक्षा विभाग से 05, स्वास्थ्य विभाग से 03 एवं 86 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित किया जाता है, इसलिये जिन विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई है जनपद स्तरीय अधिकारी उनका स्वयं परीक्षण करते हुये समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें जिससे शिकायतकर्ता की समस्या का सन्तोषजनक समाधान हो सके। सम्पूर्ण समाधान के उपरान्त जिलाधिकारी ने तहसील परिसर कुण्डा का निरीक्षण किया, तहसील परिसर में हैण्डपम्प, नालियों व शौचालय में व्याप्त गन्दगी को देखते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार कुण्डा पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सचेत किया कि तहसील परिसर की साफ-सफाई निरन्तर करायें जिससे तहसील में स्वच्छ वातावरण बना रहे।

### समाधान दिवस में लम्बित शिकायतों पर बिफरे एसडीएम, किया टीमों का गठन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ तिहत्तर शिकायतों मे से अफसरों ने पांच का मौके पर निस्तारण कराया। वहीं समाधान दिवस में किसी भी थाने के प्रभारी के साथ लक्ष्मणपुर, रामपुर संग्रामगढ़ व सांगीपुर के बीडीओ की जगह उनके प्रतिनिधि ही औपचारिकता मे नजर आये। हालांकि एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं की एक एक कर सुनवाई की। एसडीएम अरूण सिंह की अध्यक्षता में हुए तहसील समाधान दिवस में राजस्व अरसठ, पुलिस चालीस, विकास की नौ, समाज कल्याण एक, शिक्षा तीन व अन्य बावन रहीं। समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी दिखीं। वहीं अधिवक्ताओं ने नगर में चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान को प्रभावी बनाए जाने की मांग रखी। एसडीएम अरूण सिंह ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए जमीनी विवादों मे राजस्व व पुलिस टीम का गठन करते हुए सप्ताह भर मे निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। थानों से जुड़ी छोटी-मोटी शिकायतों की सुनवाई करते हुए सीओ रामसूरत सोनकर ने समाधान दिवस मे मौजूद उप निरीक्षकों को तलब कर मौके पर जाकर समाधान कराए जाने को कहा। एसडीएम ने समीक्षा के दौरान पिछले डीएम के सम्पूर्ण समाधान दिवस में लंबित शिकायतों के निस्तारण न होने पर मातहतों की पेंच कसी। उन्होनें तहसीलदार से विभागवार समीक्षा कर लम्बित शिकायतों पर अफसरों को चेतावनी भी निर्गत किये जाने के निर्देश दिये। तहसील दिवस का संचालन धीरेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर ईओ सुभाषचंद्र सिंह, बीडीओ लालगंज अश्विनी कुमार सोनकर, अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता, सीडीपीओ मनोरमा मिश्रा, रामचंद्र त्रिपाठी आदि रहे।



प्रमाण पत्र के साथ एनएसएस कार्यकर्ता।

## पश्चिम बंगाल की धरती पर बजा हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज का डंका

### पश्चिम बंगाल से लौटकर आए एनएसएस कार्यकताओं का महाविद्यालय में हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पश्चिम बंगाल से लौट कर आये राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों का प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार की ओर से माल्यार्पण एवं सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी एवं छात्रों ने कॉलेज एवं जनपद का जो गौरव बढ़ाया है, वह प्रदेश स्तर की एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

बताते चलें कि राष्ट्रीय एकता शिविर समारोह पश्चिम बंगाल में 25 मई से 31 मई तक हुआ था जिसमें 18राज्यों ने प्रतिभाग किया, उत्तर प्रदेश से हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी डॉ फणींद्र नारायण मिश्र को शासन ने प्रतिभाग करने का मौका दिया। पूरे प्रदेश से चयन किया जाना अपने में यह दशार्ता है कि हेमवती नंदन बहुगुणा कालेज ज्ञान और कला के कारण जाना जाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कालेज के प्रबंधक डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्र ने मेधावी छात्रो को अंतर्मन से बधाई दी। इस मौके पर डॉ राजेन्द्र मिश्र, डॉ रिचा सुकुमार, डॉ ऐश्वर्य, डॉ जितेंद्र, दिनेश त्रिपाठी, डॉ संतोष मिश्र, वज्र घोष ओझा, एवं कालेज के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी नहीं हो सकी मृतक युवक की पहचान, जांच मे जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सई नदी में बरामद हुए अज्ञात युवक के शव की पहचान दूसरे दिन शनिवार को भी नहीं हो सकी है। हालांकि स्थानीय पुलिस मृतक युवक के हुलिया को लेकर आसपास के थानों समेत पड़ोसी जिले रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कौशाम्बी पुलिस से भी सोशल नेटवर्किंग के जरिए शिनाख्त कराए जाने का प्रयास कर रही है। वहीं युवक का शव पीएम हाउस मे अभी सुरक्षित रखा गया है। नियमानुसार अड़तालिस घंटे बाद ही अज्ञात शव का प्रशासन द्वारा पीएम कराया जाएगा। वहीं युवक के शव मिलने को लेकर दूसरे दिन भी आसपास के इलाके मे उसकी हत्या किये जाने की ही चर्चा लोगों मे देखी सुनीं गयी।

स्थानीय पुलिस भी इस बात को लेकर अंदर ही अंदर परेशान नजर आ रही है कि घटना कहां घटित हुई और किस नजरिए से शव को सई नदी मे फेंका गया। पुलिस यह भी माथापच्ची कर रही है कि शव बहते हुए तो लालगंज कोतवाली के ककरहिया घाट तक तो नहीं आ पहुंचा। बतादें लालगंज कोतवाली के कैथौला गांव के समीप सई नदी के ककरहिया घाट के समीप शुक्रवार की सुबह सात बजे शौच के लिए गये ग्रामीणों में जल में युवक का शव उतराया देखा। पुलिस की छानबीन में यह तथ्य सामने आया कि युवक की धारदार हथियार से हत्या की गयी है। हत्यारों ने उसका गला रेत दिया था और हाथ की कलाई पर भी धारदार हथियार से कई वार किये थे। इस बाबत सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि बरामद शव की पहचान कराये जाने के लिए पुलिस हर स्तर पर प्रयास कर रही है, शीघ्र ही शव की पहचान हो जाने की उम्मीद है।

### स्टेशन पर करंट की चपेट में आने से मोर की मौत

**प्रतापगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शनिवार को बिजली के तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जीआरपी ने वन विभाग को सूचित किया है। शाम को बनारस जाने वाले वीएल पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म एक से रवाना हो रही थी। तभी ऊपर से गए बिजली के तार से टकरा कर मोर उसके इंजन के ऊपर गिरा। यात्रियों ने इसकी सूचना रेल कर्मियों को दी। बिजली बंद कराई गई। टीआरडी और सफाई स्टाफ की मदद से मोर को उतारा गया। लेकिन तब तक प्राण पखेरू उड़ चुके थे। जीआरपी एसओ ने बताया कि इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है। वे ही पक्षी को ले जायेंगे।

## कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा की मांग को लेकर आप ने किया प्रदर्शन, डीएम कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी के नेतृत्व में कश्मीरी पंडितों की नृशंस हत्या, कश्मीर में बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं और मोदी सरकार की विफलता के खिलाफ शनिवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन है और कश्मीर के लोगों की सुरक्षा की मांग की।

जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ आज वही हो रहा है, जो 90 के दशक में उनके साथ हुआ था। उनके घरों, दफ्तरों और सड़कों पर निशाना बनाया जा रहा है। उन्हें मारा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही है, यह मानवता और देश के खिलाफ है और इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है। कश्मीर जल रहा है और मोदी सरकार विपक्षियों को जेल भेजने में व्यस्त है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि कश्मीर के हालात में सुधार के लिए और वहां कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाएं। प्रदर्शन में प्रवीण कुमार यादव जिला संगठन प्रभारी दिनेश उपाध्याय जिला अध्यक्ष के साथ विद्या शंकर विश्वकर्मा भास्कर तिवारी कमर अली अजीत यादव श्रीमती अमरावती देवी मोहम्मद फरीद राजाराम यादव बैजनाथ सरोज कृष्ण कुमार शुक्ला शिवचरण पटेल दीपक यादव रघुनाथ द्विवेदी बलदेव सिंह राठौर सूर्य मंगल सिंह सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।



डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

## चोरों ने दरवाजा तोड़कर फौजी समेत दो घरो में की लाखों की चोरी

### लालगंज के कैथौला गॉव की है घटना,जांच में जुटी पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर फौजी समेत दो घरों से लाखों की नगदी व जेवरात उठा ले गए। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हो सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कैथौला के इटहा गॉंव में बीती रात चोरो ने राजेन्द्र सिंह व सत्येन्द्र सिहं के घरो को निशाना बनाते हुए लगभग दस लाख की चोरी की घटना को अंजाम देकर हड़कप मचा दिया। दोनों घरों के लोग खाना-पीना के बाद दरवाजे पर सो गए।चोरों ने फौजी राजेन्द्र सिहं के यहां पीछे का दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हो गए।घर के अंदर कमरे सो रही फौजी की बेटियों के दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया।

वहीं मां व पत्नी दरवाजे पर सो रही थी।चोरों ने घर में रखे लाखो की नगदी के साथ बेटी,पत्नी व माँ के जेवरात को उठा ले गए। वहीं सत्येन्द्र के यहां छत के सहारे घुसे चोरों ने हजारो की नगदी के साथ लाखों के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया।

जब घर के लोग सुबह उठे तो सामान बिखरा देखकर आवाक रह गए। गॉंव के लोग भी इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर वापस लौट आई। घटना की तहरीर रीना सिहं व सत्येन्द्र सिहं ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध पुलिस को दी है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

### पंचायत भवन में चोरों ने उड़ाया कीमती उपकरण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरिया पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। दो दिन पूर्व सरकारी अंग्रेजी शराब की दुकान से नकदी सहित लाखो रुपये की कीमती शराब चुराने के बाद गुरुवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने ग्राम पंचायत रामपुर गड़ौली के पंचायत भवन के गेट व कमरे का ताला तोड़ कर अंदर रखा कीमती उपकरण लैपटॉप-सीसीटीवी-डिवाइस-वाल टीवी सोलर पैनल अपने साथ चुरा ले गए, जिसकी कीमत 60-70 हजार रुपये बताई जा रही है। सुबह जब पंचायत सहायक पंचायत भवन पहुँचा तो सामने कमरे का ताला टूटा देखकर दंग रह गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान दिलीप कुमार शुक्ला को दी। ग्राम प्रधान दिलीप ने घटना की जानकारी मानिकपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुची मानिकपुर पुलिस ने घटना के बारे में लोगो से पूछताछ किया।

## मोहम्मद फहद ने पोस्टर बनाकर किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसे हो रही है कम, पेड़ लगाए हम, और जब तक है धरती पर हरियाली, तब तक संभव है खुशहाली कुछ इसी जज्बे और जोश के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के मौके पर मोहम्मद फहद अनीस कक्षा 7 सैंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से समाज के सभी लोगों को जागरूक किया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम है समय के लिए प्रकृति उन्होंने लोगों को कुछ इस तरह से जागरूक किया और इस तरह से शपथ लेने के लिए प्रेरित किया कि, हम वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे बचाएं भीद्य तालाब नदी पोखर आदि को प्रदूषित ना करें।



पोस्टर के साथ मो0 फहद।

### बम मिलने से सनसनी

**प्रतापगढ़।** रानीगंज कोतवाली के दुगार्गंज इलाके में बम मिलने से सनसनी फैल गई। खेत मे रक्खे बम पर मजदूर का पैर पड़ जाने से वह बाल-बाल बच गया। बम मिलने की सूचना पर इलाके में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुची 112 की टीम ने बम को किया निष्क्रिय। बता दें कि इसी इलाके में मई माह के अंतिम सप्ताह में हुआ था टाइमर बम का दो बिस्फोट, नौ साल पहले ट्रांजिस्टर बम का विस्फोट हुआ था।

### एंबुलेंस में बच्चे को दिया जन्म, गूंजी किलकारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रसव के लिए ले जा रही एंबुलेंस में बच्चे की किलकारी गूँजने पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ पाए गए। मालूम हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकंकर के अंतर्गत सिंदुराईपुर गांव निवासी गीता देबी देवी पत्नी अरविंद कुमार (27) वर्षीय को शनिवार की सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने लगी तभी गाँव की आशा पुष्पा देवी ने लगभग साढ़े बारह बजे 102 एम्बुलेंस को फोन किया। मौके पर एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2166 सिंदुराईपुर गांव पहुंची और गीता देवी को लेकर नजदीकी ए एन एम सेंटर केरावडीह ले जा रही थी कि रास्ते में गीता देवी को अचानक प्रसव पीड़ा असहनीय हुई तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिनेश कुमार ने पायलट वीरेंद्र की मदद से एंबुलेंस को किनारे खड़ी करके सुरक्षित प्रसव कराया, जिसे प्रसव कराने के बाद केरावडीह ए एन एम सेंटर में ले जाकर भर्ती किया, जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ बताये जा रहे है। उधर गीता के मायके व ससुराल वालों को बच्चे की सकुशल जन्मे पर परिजनों ने एम्बुलेंस के टेक्नीशियन दिनेश कुमार व पायलट वीरेंद्र तथा आशा पुष्पा देबी को धन्यवाद देते हुए प्रंशसा किया।

## सीएमओ ने नर्सिंग होम पर मारे छापे, देर रात तक चली मीटिंग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज के डाक्टर प्राईवेट नर्सिंग होम में सर्जरी करते हैं। इसकी जानकारी होने पर सीएमओ डाक्टर एके श्रीवास्तव ने शुक्रवार देर रात शहर के कई नर्सिंग होम विशेष कर कटरा रोड पर अचानक से छापे की कार्रवाई की। जिससे हड़कंप मच गया। उन्होंने स्टाफ से सर्जरी करने वाले डाक्टरों और स्टॉफ की जानकारी ली।

चर्चा है कि वे डाक्टर की तलाश में निकले थे, लेकिन मिले नहीं। मजे की बात यह है कि जिस नर्सिंग होम में चिकित्सक के काम करने की बात कही जा रही है सीएमओ उसमें गए ही नहीं। अब इसे चेकिंग कहा जाय या दिखावा। फिलहाल सीएमओ को सब पता है। हालंकि सभी की चेकिंग लिस्ट बनाई जा रही है। उधर डाक्टरों के विवाद के चलते आगे होने वाली किरकिरी से कैसे बचा जाय। इसको लेकर सीएमओ, प्रिंसिपल, सीएमएस के साथ मेडिकल कॉलेज कैंपस में एसपी ने मीटिंग की है। दूसरी मीटिंग में सीएमएस नहीं थे। अन्दर खाने के सूत्र बताते हैं कि डाक्टर सचिन की तहरीर को पुलिस वाले तरजीह दे रहे हैं।

बताते हैं कि ऊपर से ही दबाव है। हालांकि सीएमओ भी इशारे ही इशारे में पीछे न हटने का संकेत दिया है। अगर ऐसा होता है कि आंदोलन होगा।

### किशोरी की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह मवई रेलवे क्रासिंग के पास ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत हो गई। घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के साहूमई गांव की है। उक्त गांव निवासी रूमन देवी पुत्री माले सरोज (18) वर्षीय घर के परिजनों से नानी के यहाँ जाने की बात कहकर निकली, जिसका शव कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के मवई रेलवे क्रासिंग के पास ट्रैक पर मिला, जो किसी ट्रेन की चपेट मे आ गई थी। मौत का कारण पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे मे लेकर लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर रूमन के ट्रेन से कटने की की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी का रो-रो कर हाल बेहाल है। सभी यही कह रहे है यह सब क्या हो गया? घर से नानी के यहां जाने की बात कहकर निकली थी? ट्रेन से कैसे कट गई। घटना को लेकर परिजन लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

## निमन्त्रण के लिए निकला युवक का गंगापुल के नीचे मिला शव, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** घर से निमन्त्रण के लिए निकला युवक का पांचवे दिन गंगापुल के नीचे शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि नवाबगंज थाना क्षेत्र के खामसामा का पुरवा बरियावां निवासी राहुल कुमार यादव पुत्र स्व0 भोला यादव (22) वर्षीय 30 मई को अपने साथियों के साथ थाना क्षेत्र के शीतलपाडे का पुरवा निमंत्रण के लिये पहुँचा जहाँ निमंत्रण के दौरान लगभग साढ़े नौ बजे राहुल के पास किसी का फोन आ गया जो वहां से चला गया देर रात वापस घर न पहुचने पर परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका जताने लगी।

दूसरे दिन मंगलवार 31 मई को नवाबगंज थाने में गुमशुदा की तहरीर पुलिस को दिया। घटना के पांचवें दिन शुक्रवार की शाम लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र के संग्रामपुर लेहदरी गंगापुल के नीचे शव मिलने की सूचना मिली जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव मिलने की जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कपड़ा व मोबाइल के आधार पर शव की पहचान राहुल के रूप में किया। शव की शिनाख्त होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बहन रेनू का रो-रोकर बुरा हाल है। पांच बहनों में अकेला भाई राहुल था। मां बाप की पहले ही मौत हो चुकी है। चार बहनो की शादी पहले हो चुकी है। सुबह अज्ञात के खिलाफ अपने भाई राहुल की हत्या की तहरीर पुलिस को दी पुलिस ने राहुल की गुमशुदा के साथ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। घटना स्थल पर राहुल का शव काफी क्षति विछिप्त था जिसे जंगली जानवर अपना आहार बनाने की बात कही जा रही है।

### गाली-गलौज व धमकी का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिश को लेकर पीड़ित को आरोपी द्वारा गाली एवं जानलेवा धमकी दिये जाने को लेकर केस दर्ज किया है। कोतवाली के मनुहार निवासी रामबहादुर पटेल पुत्र वासुदेव ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती एक जून को शाम पांच बजे रंजिश को लेकर गांव के जगदीश सिंह के पुत्र भुल्लर सिंह ने उसे मां बहन की गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित धमकी को लेकर सहमा हुआ है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं का किया हौसला आफजाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को कार्यकताओं की हौसला आफजाई की।

कार्यकताओं से वर्चुअल संवाद करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजस्थान में भी राज्य सभा का चुनाव धन बल के बीच जनता की लोकतांत्रिक शक्ति के बीच हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा सदस्य के चुनाव में राजस्थान के कांग्रेसी तथा निर्दलीय व अन्य दलों के कई विधायकों के भरपूर व खुले समर्थन का कार्यकताओं को विश्वास दिलाते हुए सीएम अशोक गहलोत तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की कड़ी मेहनत की भी प्रशंसा करते हुए कांग्रेस के स्वयं के साथ सभी तीनों प्रत्याशियों के राजस्थान से जीत का मजबूत दावा भी जताया। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## खबर संक्षेप

### गैंगेस्टर के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट मय हमराह पुलिस बल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम-1986 से सम्बंधित दो वांछित अभियुक्तो बबलू पुत्र रामचन्द्र निवासी टेगाई थाना कोखराज विकास पुत्र बाबूलाल निवासी टेगाई थाना कोखराज को मुखबिर की सूचना पर धाता मोड़ बहद ग्राम हिनीता थाना महेवाघाट से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

### जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** डीएम द्वारा अभियुक्त कुलदीप पुत्र गरीबदास निवासी ग्राम उरई अशरफपुर थाना कौशाम्बी को जिलाबदर का आदेश किया गया था। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त कुलदीप उपरोक्त अपने ग्राम उरई अशरफपुर आया है जिसपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन करने पर थाना कौशाम्बी पुलिस मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिक पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

## डीएम एसपी ने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते आईजी डीएम एसपी

**कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र डॉ0 राकेश सिंह, जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने तहसील मंझनपुर में आमजन की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिये उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को समयान्तर्गत निस्तारण किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने उपजिलाधिकारी मंझनपुर को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को आज ही पोर्टल पर अपलोड करवाने के निर्देश दियें सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया समाधान दिवस में शिकायतकर्ता सपना देवी पत्नी छेद्दू निवासी ग्राम-कोडर पश्चिम ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है कि पड़ोसी ने उनकी 08 वर्ष की बच्ची को डण्डे से काफी मारा-पीटा है, जिस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी मंझनपुर को तत्काल बच्ची का मेडिकल कराकर नियमानुसार विधिक प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रेशमा बानों पत्नी शहजादे हुसैन निवासी ग्राम-भैला मकदूमपुर ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी भूमिधरी पर जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी करारी को जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार शिकायतकर्ता ज्ञान प्रकाश ज्योति प्रकाश जवाहर लाल केशव प्रसाद एवं हरिश्चन्द्र आदि ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि एक व्यक्ति द्वारा तालाबी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर को प्रकरण की जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसी राय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### मंदिर की जमीन पर दबंगई से दबंग कर रहे कब्जा

#### एसपी से शिकायत कर मंदिर की जमीन बचाने की लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के निधियांवा गांव में राम जानकी मंदिर की जमीन राजस्व अभिलेखों में आराजी संख्या 83, 87, 91 भूमि धरी जमीन दर्ज है उक्त भूमि पर राम जानकी मंदिर की देखरेख करने वाले शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी ने चकबन्दी का भी आदेश करवाया है गांव के दानदाता रानी कुँवर पत्नी राम कुमार ने उक्त संपत्ति को राम जानकी मंदिर वक्फ के रूप में रजिस्टर्ड किया था और उक्त रजिस्टर्ड वक्फ के मुताललवी गण के रूप में जरिए रजिस्टर्ड वक्फ नामा निष्पादित किया गया था तब से आज तक पीढ़ी दर पीढ़ी शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी का परिवार राम जानकी मंदिर की देखरेख पूजा-पाठ आदि कार्य करते आ रहा है राम जानकी मंदिर की आराजी संख्या 83 पर हीरालाल पासी पुत्र भोला पासी वा हेमंत पासी हिमांशु पासी गुंडई के बल पर जबरिया मंदिर की जमीन पर कब्जा करने पर आमादा है जब मंदिर की देखरेख करने वाले शैलेंद्र कुमार ने राम जानकी मंदिर की जमीन पर कब्जा करने से रोका तो कब्जा धारकों ने एससी एसटी के मुकदमे में फंसा देने की धमकी देना शुरू कर दिया है। पर्दे की ओट से कब्जा धारकों को राजनैतिक संरक्षण मिल रहा है शिकायतकर्ता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मंदिर की जमीन पर राजनैतिक दबाव के चलते जबरिया दबंग निर्माण कर रहे हैं मामले की शिकायत 112 पुलिस से भी की गई है लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका और मौके पर आने के बाद 112 पुलिस वापस चली गई है। मंदिर की जमीन पर जबरिया कब्जा किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### अवैध कब्जे को नहीं रोक सके तहसील के अधिकारी

**कौशाम्बी।** सरकारी संपत्ति से अवैध अतिक्रमण हटाने का योगी सरकार चाहे जितना निर्देश दें लेकिन तहसील के अधिकारी योगी सरकार के निर्देश को मानने को कतई तैयार नहीं है मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ऊनो ग्राम सभा में सरकारी स्कूल के पास खलिहान और तालाबी नंबर की जमीन पर कई महीने पूर्व निर्माण हो रहा था गांव के लोगों ने जिलाधिकारी और आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत किया है तालाब और खलिहान की भूमि बचाए जाने की गुहार लगाई लेकिन उसके बाद भी तहसील प्रशासन गांव की सरकारी संपत्ति को नहीं बचा सका है लुकाछिपी के खेल में सरकारी भूमि पर कब्जे हो गए हैं हालांकि तहसील प्रशासन अपने बचाव में सरकारी संपत्ति पर कब्जे से इंकार कर रहा है लेकिन हकीकत में सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है ग्रामीणों की शिकायती पत्रों को माने तो गांव के देवीदयाल पुत्र बच्चा पासी ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है और बार-बार शिकायत के बाद भी तहसील प्रशासन अवैध कब्जे को नहीं रोक सकता है।

# 2 दिन बाद बेटी की शादी के लिए इकट्ठा किया सामान विद्युत शार्ट सर्किट में जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

ग्रामीणों के आग बुझा लेने के बाद पहुँचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने निभाई औपचारिकता



**कोखराज कौशाम्बी।** कुदरत का कारनामा कहे या फिर बिजली विभाग की लापरवाही लेकिन गरीब पिता की पूरी जिंदगी उजड़ गई है 2 दिन बाद बेटी की शादी की तारीख निश्चित है शादी के लिए बेटी के पिता ने सारे सामान का इंतजाम कर लिया था लेकिन विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग में पूरी गृहस्थी के सामान के साथ साथ बेटी की शादी के लिए एकत्रित किया गया सभी सामान भी जलकर खाक हो गया है सूचना के बाद भी समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बुझाने नहीं पहुंच सकी है यदि समय से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच जाती तो शायद गृहस्थी और बेटी के शादी का सामान बच जाता लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर मदद नहीं कर सकी सब कुछ बर्बाद होने के बाद औपचारिकता निभाने फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची है मामला कोखराज थाना क्षेत्र के देवभीटा गांव का है। थाना कोखराज क्षेत्र के देवभिटा बिदन पुर ककोढा में शनिवार को दोपहर लगभग 02..00 बजे विजय लाल यादव पुत्र शम्भू यादव के घर में विजली के तार में उठी शार्टसर्किट से आग लग गयी जिसमें एक भैंस व दो मोटरसाइकिल बुरी तरह जल गयी और विजय यादव की लड़की की बारात इसी महीने 06 /06 /2022 को आनी थी लेकिन शादी का सारा सामान जल जाने से परिजनों को सदमा लगा है कि दो दिन बाद बारात भी आनी थी लेकिन बेटी की शादी के लिए एकत्रित किया गया सारा सामान जल जाने से परिजनों पर मुसीबत खड़ी हो गयी हैं परिजनों के साथ दुखी पिता को अपनी बेटी की शादी की चिंता बढ़ गयी हैं जबकि अचानक घर में लगी आग से शादी घर मे मातम जैसी स्थिति बनी है आग की तेज लपट से परिजन चिल्लाने लगे तभी ग्रामीणों की मदद से आग बुझ गयी फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी फायर ब्रिगेड के आने तक घर पर सभी सामान जल कर खाक हो गया था मौके पर कोखराज पुलिस व लेखपाल ने पहुँच कर पीड़ित से मिल कर आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### संदिग्ध दशा में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा चौकी क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा कस्बे मे एक युवक ने संदिग्ध दशा में जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा चौकी क्षेत्र के वार्ड नं 1 भौंतर में 30 वर्षीय एक युवक ने संदिग्ध दशा में बीती रात जहरीला पदार्थ निगल लिया युवक की हालत बिगड़ते देख परिजनों ने स्थानीय अस्पताल में दिखाया जहां गम्भीर स्थित देख डॉक्टर ने जवाब दे दिया परिजनों ने इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस के जरिये सिराथू सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी है।

### 8 बोरी सरसों उठा ले गए चोर

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे के अमिरता पुर रोड पर आलोक कुमार पुत्र बुद्धसेन गल्ले की खरीद करता है उसकी दुकान में बीती रात 8 बोरी सरसों चोर उठा ले गए हैं पीड़ित ने मामले की तहरीर अझुवा पुलिस को दी है।

# ताबड़तोड़ चाकू का प्रहार कर युवक को उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

रिश्तेदार के घर रह रहे युवक पर पड़ोसियों ने किया हमला इलाज के दौरान मौत



मृतक युवक की फाइल फोटो तथा युवक की मौत के बाद मौके पर जांच करती पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के बाकर गंज में रिश्तेदारों के घर रह रहे एक युवक को पड़ोसी ने चाकू मारकर घायल कर दिया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी है।

जानकारी के अनुसार जितेंद्र रैदास पुत्र रामप्रसाद निवासी कायम गंज फरुखाबाद अपने भाई की ससुराल कोरियों ग्राम सभा के मजरा बाकर गंज में पिछले 2 वर्ष से रहता था भाई की सास बबली देवी पत्नी स्व राजकुमार के अनुसार बीती शाम गांव के युवक के साथ शराब पीने गया था घर वापस नही लौटा तो खोजबीन कर रहे थे सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि मोंगरी और परास गांव के बीच जंगल रास्ते मे एक युवक जिसकी पेट की आंत बाहर निकली थी पड़ा हुआ सूचना पर परिजनों ने एम्बुलेंस से कड़ा के इस्माइल पुर में भर्ती कराया जहां गम्भीर स्थित देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया जिसकी रास्ते मे मौत हो गयी है। युवक की भाभी शालू की मां बबली और मरने से पहले युवक ने बाकर गंज के ही पड़ोसी युवक जगेश्वर पासी पुत्र दुर्गा पासी पर चाकू मारकर घायल करने का आरोप लगाया है एक वीडियो भी ग्रामीणों ने बनाया जिसमे घायल मरणासन्न युवक जगेश्वर का नाम लेकर चाकू मारने का आरोप लगा रहा है। वहीं सूचना पर क्षेत्रीय कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर कार्रवाई में जुट गई।



# कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**कौशाम्बी।** कश्मीरी पंडितों की नृशंस हत्या कश्मीर में बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं और मोदी सरकार की विफलता के खिलाफ शनिवार को ज़िला मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर कश्मीर के लोगों की सुरक्षा की मांग की जिला अध्यक्ष ने कहा कि जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ आज वही हो रहा है जो 90 के दशक में उनके साथ हुआ था उनके घरों, दफ्तरों और सड़कों को निशाना बनाया जा रहा है उन्हें मारा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही है, यह मानवता और देश के खिलाफ है और इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है । कश्मीर जल रहा है और मोदी सरकार विपक्षियों को जेल भेजने में व्यस्त है जम्मू कश्मीर में एक महीने में कई टारगेट किलिंग के मामले सामने आए हैं राहुल भट्ट, रियाज अहमद, सैफुल्लाह कादरी, अमरीन भट्ट और शिक्षिका रजनी बाला, बैंक मैनेजर विजय कुमार की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस तरह की घटनाओं से कश्मीरी पंडित डरे हुए हैं। वो पलायन कर रहे हैं। दहशत के माहौल में रोजी, रोजगार और व्यापार छोड़ने पर वह मजबूर हो रहे हैं आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि कश्मीर के हालात में सुधार के लिए और वहां कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जाएं आतंकियों के लिए खिलाफ सख्त कार्रवाई हो जिससे कश्मीरी पंडितों को पलायन न करना पड़े और वो सुरक्षित माहौल में अपने परिवार सहित गुजर-बसर कर सकें।

### शटर टेड़ाकर दुकान में घुसे चोर पुलिस को देख भागे

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत नगर पालिका परिषद के नया बाजार निवासी रवि केशरवनी की सीमेंट वा चद्दर तथा हार्ड वेयर की दुकान है कल रात्रि लगभग दो बजे के बाद जब लोग अपनी भयंकर नींद के आगोश में सो रहे थे इसी बीच चोर दुकान के शटर का ताला तोड़कर भीतर घुसकर बक्से का भी ताला तोड़ दिया लेकिन पुलिस को आता देख चोर सब कुछ छोड़ कर भाग गए हैं मामले की सूचना चौकी पुलिस को दिया है चौकी भरवारी की पुलिस प्रतिदिन की तरह रात्रि गस्त पर राउंड लगाकर मेहता रोड की तरफ गयी थी 'नया बाजार स्थिति ब्यापारी रवि केशरवानी की दुकान का एक तरफ लगा हुआ ताला के शटर को टेड़ा कर दुकान में घुसकर चोर दुकान के अंदर रखा गल्ला बक्सा खोल कर उसमें रखा कुछ फुटकर पैसा को समेट रहे थे इसी बीच पुनः चौकी पुलिस की फोर्स को आता देख चोर सब कुछ छोड़कर भागने में सफल हुए यहा यह बताना जरूरी है कि जबसे नए चौकी इंचार्ज अविनाश तिवारी ने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रतिदिन अपने चौकी की दल बल के साथ पैदल भ्रमण किया करते है जिसके चलते चोरों बदमाशो में भय ब्याप्त है इसी का नतीजा है।

# मंझनपुर पुलिस फोर्स के साथ एसपी ने किया कस्बे में पैदल गस्त

## मंझनपुर कोतवाली का मौका मुआयना कर एसपी ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश



कोतवाल के साथ गश्त करते एसपी

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह के साथ मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले और क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा का एहसास कराया शाम होते ही पुलिस अधीक्षक और मंझनपुर कोतवाली पुलिस पैदल गस्त पर निकल गयी और कई किलोमीटर तक पैदल गस्त कर पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पुलिस उनके हर सुख दुख में साथ खड़ी है कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त करके दुकानदारों एवं व्यापारियों से संपर्क करके उनकी सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में बातचीत करके उन्हें आश्वस्त कराया भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मंझनपुर कोतवाली का मौका मुआयना भी किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक ने मंझनपुर कोतवाली पुलिस के साथ मंझनपुर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों चौराही में पैदल भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने का लोगों को निर्देश दिया सड़क और पटरियों पर वाहनों को खड़ा करने वालो को कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी साथ ही उन्होंने कहा कि पटरियों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए उन्होंने कहा कि वाहनों को सड़क पर खड़ा करने से यातायात बाधित होता है जिससे वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क पर ना खड़ा करें निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा करें वाहनों को सड़क के किनारे पार्किंग में ही खड़ा किया जाए इस दौरान उन्होंने कस्बे के मंझनपुर चौराहा होते हुए विभिन्न सड़कों गलियों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वाहन चालकों को नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।

### बाइक सवार व्यक्तियों ने विकलांग को बेरहमी से पीटा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव निवासी विकलांग राम भवन कोरी पुत्र राम कृपाल कोरी 3 जून को शाम कुलौली गांव गया था अंधेरा हो जाने के बाद वह कुलौली गांव से तीन पहिया गाड़ी से वापस गांव लौट रहा था गर्ग के इंजन के नजदीक नहर के पुल के पास नहर की पटरी में जैसे ही विकलांग पहुंचा पीछे से मोटरसाइकिल आ रही थी और हॉर्न बजा रही थी जब तक विकलांग अपनी तीन पहिया साइकिल सड़क से बगल की तरफ ले जाता तब तक गांव के दबंगों ने यह कहकर विकलांग रामभवन कोरी की पिटाई कर दी कि तुझे सड़क से हटाने में इतनी देर लगती है गाली गलौज कर लात घूसों से दलित विकलांग को दबंगों ने पीटा है हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो दबंग ललकारते हुए चले गए हैं मामले की तहरीर लेकर पीड़ित पुलिस चौकी पहुंचा तो सिपाहियों ने बताया कि चौकी इंचार्ज कोतवाली गए हैं जब विकलांग कोतवाली पहुंचा तो उसे फिर पुलिस चौकी भेज दिया गया है मार खाने के बाद विकलांग मुकदमा लिखाने के लिए पुलिस के आगे पीछे घूम रहा है मामले में चौकी इंचार्ज की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### दहेज में दी बाइक वापस उठा ले गया ससुर

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के तन्ना पर गांव के एक युवक को उसकी शादी में उसके ससुर ने दहेज में मोटरसाइकिल दी थी 2 दिन पहले युवक मंझनपुर के जिला अस्पताल के पास एक निजी अस्पताल पहुंचा था इस बात की जानकारी युवक के ससुर को लग गई मौके पर ससुर पहुंचे और दहेज में दी अपनी बाइक को वापस ले गए हैं बताया जाता है कि युवक अपनी पत्नी से आए दिन मारपीट करता था पति की मारपीट और प्रताड़ना से आजिज आकर पत्नी अपने मायके चली गई है लेकिन दहेज में मिला सामान युवक वापस देने को तैयार नहीं था जिस पर ससुर ने दहेज में दी बाइक वापस ले ली है इस मामले की तहरीर लेकर युवक मंझनपुर कोतवाली पहुंचा था लेकिन 2 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने ससुर पर जब कार्रवाई नहीं की तो कोतवाली गेट पर युवक भड़क गया और पुलिसकर्मियों पर ही अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा रोकने के बाद भी वह आक्रोशित था पुलिस के प्रति अभद्र शब्दों का प्रयोग कर रहा था युवक की हरकत पर कोतवाली में मौजूद दर्जनों लोग अचंभित थे।

# संगठन की मदद लेकर पीड़ित पत्रकार की लड़ी जाएगी लड़ाई : न्यूज रिपोर्टर्स क्लब

अखंड भारत संदेश



न्यूज रिपोर्टस क्लब की बैठक में उपस्थित तमाम पत्रकार

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन के पास सरस हाल में कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब की एक बैठक शनिवार को संरक्षक राम बदन भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में पत्रकारों के उत्पीड़न पर कैसे उन्हें अधिकार और न्याय दिलाया जाएगा इस पर विचार विमर्श हुआ। जिला कार्यकारिणी के विस्तार एवं तहसील के गठन पर इस बैठक पर चर्चा हुई जिसे सर्वसम्मति से पत्रकारों ने समर्थन दिया इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बढ़ गया है इसे रोका जाना आवश्यक है सभी पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किया इस मौके पर पत्रकार राकेश केसरवानी ने कहा कि जनपद मुख्यालय मंझनपुर स्तर पर न्यूज क्लब में सदस्य बनाया जाए जिससे सर्वसम्मति से समर्थन किया गया अजय कुमार ने कहा कि पत्रकारिता की विधा से जुड़े लोगों को संगठन में सदस्य बनाया जाए जिसका सर्वसम्मति से समर्थन किया गया बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ है कि यदि किसी पत्रकार साथी के साथ अधिकारी नेता या किसी स्तर पर अभद्र ब्यवहार होता है तो उसकी लिखित सूचना न्यूज रिपोर्टर क्लब के अध्यक्ष मोअज्जम खान एवं महामंत्री सुशील केसरवानी को दिया जाए उसके बाद अध्यक्ष महामंत्री यह तय करें कि संगठन पीड़ित की लड़ाई किस तरीके से लड़ेगा चाहे संगठन की मदद लेकर पीड़ित पत्रकार की लड़ाई लड़ी जाएगी या फिर कोर कमेटी की बैठक से सलाह ले कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक स्वर में कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले अधिकारी नेता अपनी आदत में सुधार लाएं वरना उन्हें शब्द भाषा सिखाया जाएगा इस मौके पर राम बदन भार्गव मोअज्जम खान सुशील केसरवानी अजय कुमार राकेश केसरी रमेश त्रिपाठी राजू सक्सेना पवन दुबे एनडी तिवारी पवन मिश्रा सच ज्ञान चंद्र द्विवेदी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

### दीवार फांद कर नगदी जेवर उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कौशांबी थाना क्षेत्र के बिदाव गांव निवासी विधवा कलूटी पत्नी झुराई ने बताया कि 18 मई की रात्रि में परिवार के लोग घर में सो रहे थे पड़ोसी के दो रिश्तेदार उसके घर के भीतर खंडाहर दीवाल को कूदकर घर के भीतर घुस गए और बक्से का ताला तोड़कर लगभग 1 किलो चांदी 35000 नगद और सोने का मंगलसूत्र उठा ले गए है विधवा कलूटी का कहना है कि जब चोर सामान ले जा रहे थे तो मेरी दो बेटियां जाग गई है और उन्हें रोकने की कोशिश की है लेकिन हाथ झटक कर दोनों चोर सामान लेकर फरार हो गए हैं विधवा ने पुलिस अधीक्षक को दिए तहरीर में बताया कि पड़ोसी के रिश्तेदारों के चोरी करने की बात जब पड़ोसी से बताई गई तो पड़ोसी ने गाली गलौज कर धमकी दिया है कि कही शिकायत किया तो तुझे जान से मार देंगे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों से समान नगद रुपए की बरामदगी कराई जाए।

# कोखराज क्षेत्र में वन संरक्षित पेड़ों को समाप्त करने पर आमादा हैं वन माफिया

## पूरे दिन रोड़ में दौड़ रहीं वन माफियाओं की गाड़ी

अखंड भारत संदेश



लकड़ी ले जाता वाहन

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में वन माफिया की गाड़ी पूरे दिन दौड़ रही है हरे फलदार पेड़ों के कटान में लगे वन माफियाओं को प्रशासन का खौफ तनिक भी नहीं रह गया है अब सवाल उठता है कि आखिर किसके सहयोग से वन माफियाओ की गाडिया बेखौफ तरीके से हरे पेड़ों को लेकर दौड़ती दिख रही है बढती गर्मी में अधाधुंध हरे फलदार प्रतिबंधित पेड़ महुआ,आम शीशम जामुन कैथा आदि फलदार हरे पेड़ों की कटाई में आधा दर्जन वन माफिया मशगूल है इनका उठना बैठना रेंज कार्यालय में दिखाई पड़ता है वन रेंजर व डीएफओ हरे पेड़ों के कटान में लगे वन माफियाओं की तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे वन हरयाली समाप्त हो रही है जो बड़ी चिंता का विषय है।

संपादकीय

## गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध और खाद्य सुरक्षा

**पिछले** महीने बैंक ऑफ इंग्लैंड ने एक गंभीर चेतावनी जारी की थी कि वैश्विक खाद्य कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हो सकती है। भारत सहित दुनिया भर में फसलों पर खराब मौसम की मार की खबरें आ रही थी और कुछ विश्लेषकों का अनुमान था कि दुनिया में गेहूं का स्टॉक कम है। इस संदर्भ में, चीनी और गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित और विनियमित करने का भारत का निर्णय प्रशंसनीय कदम है जो हमारे अपने 130 करोड़ लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा और सामर्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। कच्चे सोयाबीन और कच्चे सूरजमुखी के तेल पर शुल्क में कटौती, ईंधन पर कर में कटौती और स्टील पर निर्यात शुल्क उसी दिशा में उठाए गए कदम हैं- भारतीयों के हितों की रक्षा करना ठीक ऐसा है जैसे विकसित राष्ट्र पहले अपने नागरिकों के कल्याण की देखभाल करते हैं। 2021-22 में भारत ने लगभग 105 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन किया और 7 मीट्रिक टन का निर्यात किया। इस वर्ष, गेहूं उत्पादन का प्रारंभिक अनुमान 111.32 मीट्रिक टन था जब हमारे प्रधानमंत्री ने दुनिया को खिलाने के लिए अधिक गेहूं निर्यात करने की पेशकश की थी, लेकिन हाल के महीनों में असामान्य रूप से गर्मी बढ़ने के कारण ये अनुमान घटकर 105 मीट्रिक टन रह गया। 13 मई से निर्यात प्रतिबंधों के बाद कीमतों में वृद्धि बंद हो गई और हाल के दिनों में इसमें गिरावट आई है। इसी तरह, चीनी पर प्रतिबंध से यह सुनिश्चित होगा कि देश में पर्याप्त स्टॉक है और त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने पर कीमतें नहीं बढ़ेंगी। यह चौंकाने वाली बात है कि विकसित देशों ने भारत को अलग कर दिया और गेहूं के निर्यात पर हमारे फैसले की आलोचना की, जैसे कि हम पारंपरिक रूप से दुनिया के लिए प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहे हैं और इस दुनिया की खाद्य सुरक्षा नई दिल्ली से बनी नीतियों पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत से गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने की मांग की।सच तो यह है कि गेहूं निर्यातक देशों में भारत 2020 में 19वें, 2019 में 35वें, 2018 में 36वें, 2017 में 36वें और 2016 में 37वें स्थान पर रहा। वैश्विक गेहूं व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 1 फीसदी से भी कम रही है। भारत की आलोचना करने वाले देशों के जी-7 समूह को अपने अंदर झांकने की जरूरत है। उन्हें बताया जाना चाहिए कि वे डेटा का उपयोग कर-के ये तय करें कि दोषी किसे ठहराया जाना चाहिए। 2020 में वैश्विक गेहूं व्यापार में संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की हिस्सेदारी 13% थी, जबकि फ्रांस और यूक्रेन प्रत्येक की हिस्सेदारी 10% थी। ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना प्रत्येक को 5% पर आँका गया। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का निर्यात बढ़ा, लेकिन वे इन देशों के शिपमेंट की तुलना में बहुत कम थे।

रूस की हिस्सेदारी 19% है। इसे यूक्रेन के गेहूं में जोड़ें और ये हम एक चौथाई से अधिक वैश्विक आपूर्ति के बारे में बात कर रहे हैं, जो बाधित नहीं होगा अगर वैश्विक खाद्य सुरक्षा के स्व-घोषित चैंपियन ने व्लादिमीर पुतिन के साथ आमने-सामने युद्ध के बजाय बातचीत का रास्ता अपनाया होता। आज रूस व्यापार प्रतिबंधों के कारण गेहूं का निर्यात करने में असमर्थ है। दुःख की बात है कि ये यूरोप द्वारा बड़े पैमाने पर ऊर्जा आयात पर लागू नहीं होता। आपूर्ति के एक प्रमुख स्त्रोत को बाधित करने के बाद, भारत पर हमला करना गलत है। इजिप्ट, तुर्की, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, कुवैत, कोसोवो, बेलारूस ने गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया है।

## प्रभु ! उठिए भ्रष्टाचार कीजिए !

रामविलास जांगिड़

**कथा** इस प्रकार है कि अगर जरा भी हिम्मत है, अनीति में अभीप्सा है, रस है, लगाव है, प्रेम है अपने आत्म तत्व से; तो तुम्हारे भीतर ही भ्रष्टाचार को पैदा कर लो। और सब हो जायेगा। कार भी, कन्या भी, कोठी भी। और विशिष्ट अलौकिक कुर्सी भी! सब वहां घटित हो जायेंगे। वहां न जन्म है न निर्वाण। वहां महासुख है अलौकिक। न वहां पराया है कोई न अपना; न कोई मैं न तू। भ्रष्टाचार में कोई किसी का भेद नहीं। वहां भ्रष्टाचार ही असली शिष्टाचार है। वहां अपने-पराये का तो होश अलग, खुद स्वयं तक का होश छूट जाता है। किसको खयाल रह जाता है, ऐसा भ्रष्टाचार घटित होता है। क्योंकि भ्रष्ट आचरण की उस परम अवस्था में इतना भी भेद कहां रहता है? कौन पिता, कौन बेटा! हे प्राणी! होश किसी का भी न रख! भ्रष्ट अधिपति के मंदिर में कौन मैं और कौन तू? सकल शिष्टाचार को विस्मृत कर दे! भ्रष्टाचार की तल्लीनता में तो भक्त भगवान हो जाता है, भगवान भक्त हो जाता है। भ्रष्टाचार की तल्लीनता में न तो कोई पुजारी है, न कोई पूज्य है। वहां तो परम अनीति है। वहां तो अन्याय का नाद बजता है। वहां तो डॉलर ही परम संगीत है। बड़ी अलौकिक घड़ी है। घोर अंधेरे चंद्रमणि जैसे करे उजास! जैसे घोर अंधकार में चंद्रमणि बड़ा मनमोहक उजाला कर देती है, इसी तरह यह अपूर्व महासुख एक क्षण में ही संपूर्ण कष्टों का नाश कर देता है। भ्रष्टाचार की ऐसी चंद्रमणि की प्राण-प्रण से रक्षा करनी चाहिए। ऑफिस रूपी मंदिर में इसकी प्राण प्रतिष्ठा बहुत जरूरी है। समूचे गर्भगृह से लेकर ऑफिस रूपी मंदिर के कंगूरे परिक्रमा स्थल तक। भ्रष्ट आचरण की पताका को बड़े साहस से फहराना चाहिए। इस वचन को खयाल में लेना, क्योंकि राजा हरिश्चंद्र की कुछ औलादें तुम्हें कुछ और ही समझा रही हैं। वे समझा रही हैं कि जन्मों-जन्मों के कर्म हैं, सच्चाई और नीति पर चलने के लिए। नहीं चलोगे तो जन्म-जन्म लगेंगे कटने में, जल्दी होने वाला नहीं है कुछ। लेकिन भ्रष्टोमणि अधिपति कहते हैं- साहस कीजिए रिश्वत लेने की! कोई जरूरी नहीं है कि वह रोकड़े के रूप में ही हो! वह किसी नमकीन कन्या के रूप में भी हो सकता है! किसी फैक्ट्री की रजिस्ट्री भी हो सकती है! कोई खेत का टुकड़ा आपके नाम किया भी जा सकता है! कोई पाइप बिछाने का ठेका भी दिया जा सकता है! ये तमाम चीजें भक्षण योग्य है। अगर भ्रष्टाचार करें तो एक क्षण में जीवन में प्रकाशमान होने की घटना घट जाती है, एक पल में! जैसे नीति रूपी अंधेरा हजारों साल से घिरा हो तो क्या तुम सोचते हो रिश्वत रूपी दीया जलाओगे तो अंधेरा मिटेगा नहीं? वह कहेगा कि मैं हजारों साल पुराना नीति बद्ध अंधेरा हूं, मैं इतने जल्दी नहीं मिट सकता? हजारों साल तक रिश्वत रूपी दीये जलाओ तब मिटूंगा? रिश्वत का पवित्र दीया जला नहीं कि नीति रूपी अंधेरा गया! रिश्वत ली कि जीवन का अंधकार छूटा। भ्रष्ट आचरण के समय नीति बद्ध अंधेरे को कुछ कहने का समय ही कहां बचता है? अतः हे प्रभु! उठिए भ्रष्टाचार कीजिए!

# मोहन भागवत की बोध-दृष्टि में ज्ञानवापी

ललित गर्ग

**किसी** भी देश की माटी को प्रणम्य बनाने, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने एवं कालखंड को अमरता प्रदान करने में राष्ट्रनायकों की अहंभूमिका होती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक होते हुए भी मोहन भागवत ने भारत की वसुधैव कुटुम्बकम् एवं सर्वधर्म समभाव की संस्कृति एवं सिद्धान्तों को निरन्तर बल दिया है। संघ की जीवन-दृष्टि व्यापक एवं सर्वसमावेशक रही है। इसी दृष्टि-बोध का सन्देश है भागवत द्वारा ज्ञानवापी के सन्दर्भ में दिया गया बयान। श्री भागवत ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि काशी के ज्ञानवापी क्षेत्र के मुद्दे पर कोई नया आन्दोलन चलाने का संघ का कोई इरादा नहीं है और यह मसला अदालत के समक्ष रखे गये साक्ष्यों के आधार पर ही सुलझना चाहिए, जिसे हिन्दू व मुसलमान दोनों ही पक्षों को मानना चाहिए और सामाजिक सौहार्दता बनाये रखने में योगदान करना चाहिए-यह पूरी तरह ऐसा राष्ट्रवादी बयान है जिससे हर उदारवादी धर्मनिरपेक्षता के पक्षकार भी सहमत होंगे। इनदिनों भारत के मन्दिरों-मस्जिदों को लेकर देश में साम्प्रदायिकता फैलाने की कोशिशें हो रही है। भागवत ने व्यापक राष्ट्रीय हितों के सन्दर्भ में एक सवाल किया है कि हर मन्दिर में शिवलिंग क्यों ढूंढना? उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत में इस्लाम आक्रान्ताओं के माध्यम से आया। आक्रान्ताओं ने हिन्दू मन्दिरों का विध्वंस किया जिससे इस देश पर उनके हमलों से निजात पाने वाले हिन्दुओं का मनोबल गिर सके। ऐसे देशभर में हजारों मन्दिर हैं। अतः भारत में आज ऐसे मन्दिरों की अस्मिता पुनः स्थापित करने की बात हो रही है जिनकी लोगों के हृदय में विशेष हिन्दू प्रतिष्ठा या मान्यता है। हिन्दू मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं। मुसलमानों के पुरखे भी हिन्दू ही थे। मगर रोज एक नया मन्दिर-मस्जिद का मामला निकालना भी अनुचित है। हमें झगड़ा क्यों बढ़ाना। ज्ञानवापी के मामले हमारी श्रद्धा परंपरा से चलती आयी है। हम यह निभाते चले आ रहे हैं, वह ठीक है। भागवत द्वारा ज्ञानवापी के लिये दिया गया ताजा वक्तव्य बेहद महत्वपूर्ण, राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध जगाने एवं राष्ट्र-बोध से प्रेरित है। उनका कहना है कि इस तरह के विवादों को आपसी सहमति से हल किया जाना चाहिए और यदि अदालत गए हैं, तो फिर जो भी फैसला आए, उसे सभी को स्वीकार करना चाहिए। वास्तव में इस तरह के विवादों को हल करने का यही तार्किक एवं



**इसी के साथ किसी को यह अपेक्षा भी नहीं करनी चाहिए कि हिंदू समाज ज्ञानवापी और मथुरा जैसे अपने प्रमुख मंदिरों के ध्वंस को सहजता से भूल जाए, क्योंकि यहां खुली-नग्न आंखों से यह दिखता है कि इन मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदों का निर्माण किया गया**

न्यायसगंत रास्ता है और इसी रास्ते पर चलकर शांति-सद्भाव के वातावरण को बल देते हुए राष्ट्रीय-एकता को मजबूती प्रदान की जा सकती है। मोहन भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि अब आरएसएस किसी मंदिर के लिए वैसा कोई आंदोलन नहीं करने वाला, जैसा उसने अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर किया था। उनका यह कथन इसलिए उल्लेखनीय है, क्योंकि इन दिनों काशी के ज्ञानवापी परिसर के साथ मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर का मसला भी सतह पर है और दिल्ली की कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद का भी, जहां के शिलालेख पर ही यह लिखा है कि इसे अनेक हिंदू और जैन मंदिरों को तोड़कर बनाया गया। अतीत में साम्प्रदायिक उन्माद में उन्मत्त शासकों एवं संकीर्ण-कट्टरवादी ताकतों ने हिन्दू संस्कृति को कुचलने के अनेक सफल प्रयत्न किये। जबकि भारत की संस्कृति ऐसी संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक सोच से परे सर्वधर्म समभाव की रही है। जिसमें व्यक्ति अपने-अपने मजहब की उपासना में विश्वास करें, कोई बुराई नहीं थी। लेकिन आज जहां एक सम्प्रदाय के लोग दूसरे सम्प्रदाय के प्रति द्वेष और घृणा का प्रचार करते हैं, वहां देश की मिट्टी कलंकित होती है, राष्ट्र शक्तिहीन होता है तथा व्यक्ति का मन अपवित्र बनता है। साम्प्रदायिक उन्माद को बढ़ाने में असामाजिक, कट्टरवादी एवं संकीर्ण तत्वों का तो हाथ रहता ही है, कहीं-कहीं तथाकथित राजनैतिक दल एवं धर्मगुरु भी इस आग में ईंधन डाल देते हैं। लेकिन संघ ने हमेशा उदारता का परिचय दिया है। संघ प्रमुख के बयान से स्पष्ट है कि भारत हिन्दू व मुसलमानों दोनों का ही है मगर दोनों को एक-दूसरे की उन भावनाओं का आदर करना चाहिए जिनसे उनकी अस्मिता परिलक्षित होती है। काशी विश्व की प्राचीनतम नगरी मानी जाती है और इस देश के हिन्दुओं का मानना है कि इसकी रचना स्वयं भोले शंकर ने की है तो मुसलमानों को भी आगे आकर अपनी हट छोड़नी चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि हिन्दुओं के लिए काशी का वही स्थान है जो मुसलमानों के लिए काबे का। क्योंकि सनातन धर्म इसी देश में अनादिकाल से चल रहा है तो भारत के कण-कण में इस धर्म के चिन्ह बिछे हुए हैं जो बहुत स्वाभाविक हैं। निश्चित तौर पर हिन्दू धर्म शास्त्रों की रचना इसी देश में हुई है जिनमें विभिन्न विशिष्ट स्थानों का वर्णन है और उन्हीं को मिलाकर भारत देश का निर्माण हुआ है। अतः संघ प्रमुख की बातों को पूरा देश मनन करे, वैचारिक वैषम्य में समन्वय स्थापित करें और देश के संविधान पर पूरा भरोसा रखे। संघ प्रमुख श्री भागवत ने नागपुर में संघ के विशिष्ट पदाधिकारी सम्मेलन में दिये गये अपने उद्बोधन में साफ किया कि मुस्लिम भी इसी देश के हैं और उनके पुरखे भी हिन्दू ही रहे हैं। उन्होंने किसी कारणवश इस्लाम धर्म स्वीकार कर पृथक पूजा पद्धति अपनाई। अतः उनसे किसी भी प्रकार का द्वेष उचित नहीं है। श्री भागवत ने इसके साथ ही एक अत्यन्त महत्वपूर्ण सन्देश देते हुए समस्त हिन्दू समाज को सचेत भी किया कि वह हर मस्जिद में शंकर या शिवलिंग ढूंढ़ने की बात न करें। वास्तविकता तो यही रहेगी कि मुस्लिम आक्रान्ता राजाओं ने अपनी सत्ता की साख जमाने के लिए मन्दिरों पर आक्रमण किये और उनमें विध्वंस भी किया। अतीत की भूलों से वर्तमान को दूषित करना प्रासंगिक नहीं है। हिंदू धर्म तो उदारवादी रहा है, वास्तविक तो यह है कि हिंदू एक जीवन शैली है, जिसमें सभी पूजा-पद्धतियों को स्थान दिया है। यही कारण है कि भारतीयों घरों में आपको ऐसे अनगिनत परिवार मिल जाएंगे, जिनके कुछ सदस्य आर्यसमाजी, कुछ सनातनी, कुछ जैनी, कुछ राधास्वामी, कुछ रामसनेही और कुछ कृष्णभक्त होंगे। ऐसे भी उदाहरण देखने को मिलते है कि जैनी एवं हिन्दू परिवारों में सिख, ईसाई, इस्लाम मानने लोग सांझा आस्था एवं श्रद्धा से रहते हैं। वे सब अपने-अपने पंथ को श्रद्धापूर्वक मानते हैं लेकिन उनके बीच कोई झगड़ा नहीं होता। आज ऐसे ही इंसान को इंसान से जोड़ने वाले तत्व चाहिए। लेकिन किन्हीं लोगों की नादानी एवं कट्टरवादी सोच से हिन्दू-मुस्लिम लड़ते हुए देखने को मिलते हैं, तो पूरा कश्मीर ऐसी ही संकीर्णता की आग में झुलस रहा होता है। कभी पश्चिम बंगाल तो कभी राजस्थान में भी ऐसे दृश्य अस्थिरता एवं अशांति का कारण बनता है। पडौसी देश इसका फायदा उठाते हैं। आज जरूरत इंसानों को आपस में जोड़ने की है, उन्हें जोड़ने के लिये प्रेम चाहिए, करूणा चाहिए, एक-दूसरे को समझने की वृत्ति चाहिए। ये मानवीय गुण आज तिरोहित हो गये हैं और इसी से आदमी आदमी के बीच चौड़ी खाई पैदा हो गयी है, भारत की सांझा संस्कृति ध्वस्त हो गयी है।संभव है कि कुछ हिंदू संगठन भागवत के विचारों से असहमत हो सकते हैं, लेकिन उन्हें विदेशी हमलावरों की ओर से तोड़े गए हर मंदिर की वापसी के लिए बिना किसी ठोस दावे के मुहिम चलाना एवं देश की एकता और अखण्डता को खण्डित करना ठीक नहीं है। इसके बजाय उन्हें कानून का सहारा लेना चाहिए। इसी के साथ किसी को यह अपेक्षा भी नहीं करनी चाहिए कि हिंदू समाज ज्ञानवापी और मथुरा जैसे अपने प्रमुख मंदिरों के ध्वंस को सहजता से भूल जाए, क्योंकि यहां खुली-नग्न आंखों से यह दिखता है कि इन मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदों का निर्माण किया गया। इस कटू सच से मुस्लिम समाज भी परिचित है और उसे उससे मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। इसलिए तो काशी की ज्ञानवापी मस्जिद हो या मथुरा की शाही ईदगाह, ये हिंदू समाज को मूर्तिभंजक आक्रांताओं की बर्बरता की याद दिलाते हैं। यह देखना दुखद है कि कुछ मुस्लिम नेता उस औरंगजेब का गुणगान करने में लगे हुए हैं, जिसने काशी के ज्ञानवापी में भी कहर ढाया और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर में भी। अतीत की भूलों को सुधारने का रास्ता संघर्ष एवं सड़कों पर हिंसा, अराजकता, नफरत, द्वेष एवं अशांति की बजाय कानून के द्वारा विधिसम्मत निकाला जाना चाहिए, यही देश की एकता एवं शांति के लिये उचित होगा।

# लक्षित हमलों से सहमी घाटी !

दीपक कुमार त्यागी

**कश्मीर** घाटी में आतंकी संगठन एक बार फिर से तेजी से अपने पांव पसारने का दुस्साहस करने लगें हैं। राज्य में आतंकियों के निशाने पर फिर से कश्मीरी हिन्दू विशेषकर कश्मीरी पंडित आ गये हैं। हालांकि 5 अगस्त 2019 को जब राज्य से आर्टिकल 370 व 35ए को केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा हटाया गया था, तो उस वक्त संसद में चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के राजनेताओं के द्वारा राज्य से जल्द ही पूर्ण रूप से आतंक व आतंकवादियों के खात्मे के बहुत बड़े-बड़े दावे किये जा रहे थे, हालांकि सरकार के द्वारा जनता को दिखाए गये इन सपनों पर अभी कार्य जारी है। लेकिन 370 हटने के बाद से ही आतंकवादियों ने अपनी आकाओं की जबरदस्त बौखलाहट, छटपटाहट, हताशा व निराशा में राज्य में निरंतर माहौल खराब करने के प्रयास शुरू कर रखें हैं। वैसे तो आतंकियों की हर कायराना हरकत का मूंह तोड़ जवाब देकर के भारत की जांबाज सेना आतंकियों के नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दे रही है। हर ऑपरेशन में सेना आतंकियों का चुन-चुन कर सफाया करने में व्यस्त है। जिसकी बौखलाहट के चलते पाक परस्त आतंकियों के द्वारा राज्य में निरंतर हिन्दुओं व गैर-कश्मीरियों की लक्षित हत्याएं करने का कायराना कृत्य एक बार फिर से किया जा रहा है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर राज्य के हालात देखकर ऐसा लगता है कि आतंकवादियों की कायराना हरकत व नापाक मंसूबों में कुछ माह से एकाएक तेजी आ गयी है। पिछले वर्ष 2021 में हिन्दुओं की लक्षित हत्याओं की घटनाओं में तेजी आने के बाद से, अब फिर कुछ माह की शांति के पश्चात वर्ष 2022 में घाटी में एक बार फिर से आतंकियों के द्वारा हिन्दुओं की लक्षित हत्याओं का कायराना दौर शुरू करके घाटी को निदोर्षों के लहू से रक्तरंजित करने का कृत्य किया जा रहा है। पिछले माह 12 मई की शाम को बडगाम जिले के चदूरा में स्थित तहसील कार्यालय में घुसकर के आतंकवादियों ने नाम पूछकर 36 साल के राजस्व विभाग के अधिकारी राहुल भट्ट की गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी। राज्य में एक बार फिर से कश्मीरी पंडित व एक सरकारी कर्मचारी की लक्षित हत्या होने के चलते, कश्मीरी पंडितों व हिन्दुओं की चिंताओं को बढ़ाने का कार्य कर दिया है। हालांकि इस घटना के बाद से ही राज्य के हिन्दुओं में एक बार फिर से सरकार व सिस्टम के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है, इस घटना के बाद राज्य की सरकारी सेवा में लगे हुए हिन्दुओं ने बड़े पैमाने पर अपने इस्तीफे देकर के सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी थी। अभी यह मामला पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि कुलगाम में एक हिंदू टीचर रजनी बाला की लक्षित हत्या आतंकियों ने करके सरकार व सिस्टम को चुनौती दे डाली। वहीं आतंकियों ने गुरुवार सुबह कुलगाम में बैंक मैनेजर विजय कुमार की गोली मार हत्या कर दी और शाम को एक मजदूर की हत्या करके राज्य के सुरक्षा तंत्र की जिम्मेदारी निभाने वाले सिस्टम को चुनौती देने का कार्य कर दिया है। राज्य में पिछले 26 दिनों में आतंकियों ने 10 आम नागरिकों की हत्या करके जनता को वर्ष 1990 की याद दिलाने का कार्य किया है। राज्य में जिस तरह से लगातार हिन्दुओं की लक्षित हत्याएं हो रही है, कुछ लोग उससे हमारी खूफिया एजेंसी, सिस्टम व सरकार की विफलता मान रहे हैं।

आतंकियों के खौफ से घाटी से आज फिर हिन्दू परिवार सामूहिक रूप से पलायन करने के लिए एक बार फिर मजबूर हैं। लेकिन अब वह समय आ गया है जब देश व राज्य में शासन कर रही सरकारों की जिम्मेदारी है कि वह राज्य में. हिन्दुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का कार्य करें, जिससे की हाल में हिन्दुओं के खिलाफ घटित किसी भी आतंकी घटना पर भविष्य में फिर कभी किसी भी फिल्म निमार्ता को "द कश्मीर फाइल्स-2" बनाने का अवसर ही नहीं मिल पाये। आज जम्मू-कश्मीर के हालात देखकर समय की मांग है कि केन्द्र व राज्य सरकार को तत्काल ही कश्मीरी हिन्दूओं की सुरक्षा व बड़े पैमाने पर राज्य में पुनर्वास के लिए धरातल पर सख्त कदम उठाने होंगे। सरकार व सिस्टम को यह समझना होगा कि जम्मू कश्मीर में घटित कश्मीरी हिन्दुओं के खिलाफ घटनाओं से देश के आम जन का भी मन बहुत आहत है, अब देश का आम जनमानस नहीं चाहता है कि जम्मू-कश्मीर में घटित हर आतंकी घटनाक्रम के बाद मोदी, शाह, डोभाल, सिन्हा व सेना आदि शीर्षस्थ की बैठकें दिल्ली में होती रहे, अब देश की शांति प्रिय जनता को आतंकियों के सफाए के रूप में धरातल पर जल्द से जल्द सकारात्मक परिणाम चाहिए, कश्मीरी हिन्दुओं का सुरक्षित पुनर्वास चाहिए, उनका खोया हुआ मान सम्मान वापस चाहिए, संपत्तियों पर कब्जा वापस चाहिए। सरकार व सिस्टम में बैठे हुए लोगों को कम से कम अब तो यह समझना होगा कि जम्मू-कश्मीर राज्य में लक्षित हत्याओं को 'पाक की नापाक हरकत' या पाक परस्त आतंकियों की बौखलाहट कह देने मात्र से देश की जन अदालत में अब का नहीं चलने वाला है। उन्हें समझना होगा कि अब भी अगर वह जनता के बीच जाकर 'किसी को बख्शेंगे नहीं' या एक-एक आतंकी को धरती पाताल से खोज-खोज करके एक-एक को चुन-चुन के मारेंगे और हत्याकांड की कड़ी निंदा करके काम चलाते रहेंगे, तो वह देश व समाज के हित में नहीं है। उन्हें समय रहते यह समझना होगा कि अगर आतंकियों के द्वारा इसी प्रकार लक्षित हत्याओं को अंजाम दिया जाता रहा, तो वह दिन दूर नहीं है जब एक बार फिर से राज्य में "द कश्मीर फाइल्स-2" फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए फिल्म निमार्ताओं के लिए भरपूर मसाला उपलब्ध होगा। देश व समाज हित में सरकार में बैठे लोगों को समझना होगा कि देश की शांति प्रिय जनता ने आपको चुनावों में विजयी बनाकर के जम्मू-कश्मीर से आतंकियों के सफाये की बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने का कार्य किया था, अब देश व समाज हित में उस जिम्मेदारी को सख्ती के साथ धरातल पर निर्वहन करने का समय आ गया है और देश के दुश्मन आतंकियों को चुन-चुन का सजा देने का समय आ गया है, लेकिन अगर इस जिम्मेदारी का निर्वहन करने में अभी भी केवल शब्द बाणों से ही यूं ही काम चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं है जब जिम्मेदारी देने वाली जनता सरकार की जवाबदेही भी तय कर सकती है।

# व्हाट्सएप का करें स्वागत...

सुनील कुमार महला

**व्हाट्स** अप। मतलब "क्या चल रहा है जी ?" अजी ! पहले "फोग" चलता था, इश्क रोग चलता था, कुछ समय पहले धड़ाधड़ कोरोना चला, और आजकल तो बस धड़ाधड़ व्हाट्सएप चल रहा है।आजकल हम डिजीटल हैं, व्हाट्सएप इसका फल है। अजी ! व्हाट्सएप ही जीवन जल है। जी हॉ, हम उसी व्हाट्सएप की बात कर रहे हैं, जिस पर आपका अंगूठा दिन रात लगातार घूमता है, जमाना जिसको हरपल हरघड़ी चूमता है, अजी ! आदमी घर-परिवार को छोड़ चौबीसों घंटे जिसमें डूबता है, फिर भी आदमी कभी भी नहीं ऊबता है, सिर्फ झूमता है। अजी ! व्हाट्सएप में मौज है,नई ये खोज है, जिसमें युवा पीढ़ी को दिखता ओज है, इसलिए चलाते इसको रोज रोज है, अकेलापन भी इसका अहम् कोज(कारण) है। आज युवा पीढ़ी छह घंटे पढ़ नहीं सकती, लेकिन व्हाट्सएप पर बारह घंटे मजदूरी कर सकती है। वैसे एक पते की बात बताऊँ आज छह घंटे पढ़ नहीं रहे तो कल को बारह घंटे मजदूरी करने के लिए तैयार रहना। अजी ! हम भी न, यूं ही युवा पीढ़ी को कोसने लगे, हम भी तो युवा ही है। व्हाट्सएप पर इधर के मैसेज उधर और उधर के मैसेज इधर फेंककर हम भी तो सारा दिन मजदूरी ही तो करते हैं। पढ़ना तो है नहीं, इसलिए अभी से मजदूरी की प्रैक्टिस कर रहे हैं। बहरहाल, कहने को कुछ भी कहें, लेकिन हम इंडियन हैं न, हम बहुत ही "हार्ड वर्किंग पर्सन" हैं। हार्ड वर्किंग होकर भी हम सामने वाले से दिहाड़ी मजदूरी तक नहीं लेते। बस एक दूसरे का टाइम खाते रहते हैं। हार्ड वर्किंग तो हम इतने हैं कि रात को सोने के बाद जब भी हमारी आंखें खुलती हैं, मां कसम ! अंधेरे में भी सबसे पहले आंखें एंड्रॉयड मोबाइल को ही ढूढ़ती हैं। एक बात बताऊँ हम हैं न, चाय के बड़े शौकीन हैं और सुबह सुबह हमारे गुड मॉर्निंग के मैसेजेस के साथ इतनी चाय इकट्ठा हो जाती है कि कई बार तो हम सोचते हैं कि चाय की ही सवामणी(प्रसाद) कर दूं और दोस्तों, रिश्तेदारों को इनवाइट कर लूं। चाय ही नहीं हमारे पास चॉकलेट ,बर्थडे केक और फ्लावर्स के भंडार भरे पड़े हैं, वो क्या है कि हाल ही में अमावस्या के दिन हमारा जन्मदिन था, लोगों ने बधाई संदेशों के साथ खूब चॉकलेट, बर्थडे केक और फूल भेजे। हम सोच रहे हैं कि हम इन सबकी एक डिजीटल दुकान खोल लें और लोगों को सब चीजें डिजीटल बनाने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि आजकल लोगों का पेट डिजीटल चीजों से ही भरता है। आपको पता है हमारा देश चाय उत्पादन क्यों विश्व में सबसे आगे है ? क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी सुबह सुबह ढाले बैठे करोड़ों चाय के कपों का आदान प्रदान अंगूठे की सहायता से ही डिजीटली ही कर डालती है। एक सिक्रेट बताऊँ आपको, ये जो व्हाट्सएप हैं न, इस पर ज्ञान ऐसे पसरा पड़ा रहता है जैसे सर्दियों में धूप सेंकने कोई मगरमच्छ झील,नदी किनारे पसरा पड़ा रहता है। वैसे रियल जिंदगी में तो नहीं लेकिन व्हाट्सएप पर तोताराम जी समेत हमारे अनगिनत मित्र हैं। कुछ डरपोक हैं, कुछ बोल्ड और साहसी। जमाना वैसे डरपोक का नहीं है। अजी ! गब्बर का वो डॉयलॉग तो आपने सुना ही होगा-"जो डर गया, सो मर गया।" आप हमारे इस व्यंग्य को कतई फार्वड मत करिएगा, बस मन ही मन पढ़ पढ़ कर हल्के हल्के मुस्कुराते रहिएगा, दूसरे आपको मुस्कुराते देख मुस्कुराने का रहस्य आपसे पूछेंगे तो आप उन्हें व्हाट्सएप कथा सुना देना। आप कुछ यूं कहना-"जो कुछ है संसार में ,जो कुछ है संसार, इसी कथा में कह दिया , व्हाट्सएप ने सार...!" अजी ! व्हाट्सएप पर डरपोक लोगों की शामत आ जाती है। मैसेज आता है साथ ही लिखा होता है-"जल्दी फार्वड करें नहीं तो बुरी खबर मिलेगी।" बेचारे तोताराम जी डरते डरते अनेक लोगों को शेयर कर डालते हैं। वैसे ये व्हाट्सएप है न, है बड़ी ही कमाल की चीज।

अनेक मैसेज में लिखा होता है-"मार्केट में नया है, जल्दी शेयर करें और पुण्य के भागी बनें।" भगवान के नाम वाले मैसेज की तो हद है। एकाध नहीं बल्कि पूरे ग्यारह, इक्कीस या इकत्तीस के तो काम ही नहीं चलता। टेंशन देने वाले ही नहीं व्हाट्सएप पर सामाजिक कार्यकर्ता भी बहुत मौजूद होते हैं जो लिखते हैं-"आपका एक शेयर किसी की जान बचा सकता है, बिछड़े हुए को मिला सकता है।" वैसे न, तोताराम जी का पोता यूं ही कंपीटिशन की तैयारी के लिए कोचिंग जाता है, जीके की बड़ी बड़ी किताबें पढ़ता है, हम तो कहते हैं कि ज्ञान की सारी गंगा तो व्हाट्सएप पर बहती है।

वो अभी अभी व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त हुआ है -"आईएएस के इंटरव्यू में पूछा गया सवाल...!" बहरहाल, इस व्हाट्सएप व्हाट्सएप के चक्कर में बहुत कुछ लिख दिया। अंत में, यही कहूंगा कि "याद रखें हम आप सब,कर्मों के परिणाम, विदा ले रहे आज हम, करते हुए प्रणाम, सीख हम व्हाट्सएप... से...नये युग का करें स्वागत...करें स्वागत, करें स्वागत, करें स्वागत...।जय राम जी की।

## पृथ्वी का बड़ा हमदर्द संरक्षक

संजीव ठाकुर

**5** जून को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं। यह विशेष दिवस हमें कुछ जिम्मेदारियों के प्रति एहसास भी कराता है कि हमें पर्यावरण को धरती, प्रकृति, जीव जंतुओं तथा मानव जीवन के संदर्भ में हर परिस्थिति में सुरक्षित रखना है। आइए पर्यावरण की सुरक्षा पर एक नजर डालते हैं। पृथ्वी पर समस्त जीव जंतु मनुष्य के चारों तरफ के आवरण को ही पर्यावरण माना गया है। शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा, ।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय 'पर' यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है।

किंतु जब वायु ,जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है।

## नॉर्वे शतरंज में आनंद की लगातार तीसरी जीत, चीन के वांग हाओ को हराया

**स्टावेंजर।** भारतीय धुरंधर विश्वनाथन आनंद ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के क्लासिकल वर्ग में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए तीसरे दौर में चीन के वांग हाओ को हराकर लगातार तीसरी जीत



दर्ज की। 52 वर्ष के आनंद ने आर्मागेडोन (सडन डेथ) में यह मुकाबला जीता चूंकि निर्धारित समय तक 39 चालों के बाद मैच ड्रॉ हो गया था। आनंद ने 44 चालों में हाओ को हराया और अब उनके 7.5 अंक हो गए हैं। अमेरिका के वेसले सो छह अंक लेकर दूसरे और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन साढे पांच अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं।

आनंद ने इससे पहले क्लासिकल वर्ग में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और बुल्गारिया के वेसलीन टोपालोव को हराया था। कार्लसन ने तैमूर राजाबोव को हराकर वापसी की। वह दूसरे दौर में सडन डेथ में हार गए थे। अन्य मैचों में वाचियेर लाग्रेव ने नॉर्वे के आर्यन तारी को हराया जबकि अनीश गिरी और सो की बाजी निर्धारित समय और आर्मागेडोन के बाद भी ड्रॉ रही। शखरियार मामरेदियारोव ने आर्मागेडोन में टोपालोव को हराया।

## फ्रेंच ओपन : सिलिच को हराकर कैस्पर रूड पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में

**पेरिस।** कैस्पर रूड किसी ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए जिन्होंने फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में 2014 के अमरीकी ओपन चैम्पियन मारिन सिलिच को 3-6, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त रूड 23 वर्ष के हैं और अब तक किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं पहुंचे थे। उनके पिता 1991 से 2001 तक



पेशेवर टेनिस खिलाड़ी थे। रूड ने 2020 की शुरूआत से अब तक क्लेकोर्ट पर 66 मैच और सात खिताब जीते हैं। अब उनके कैरियर की सबसे कठिन चुनौती उनके सामने हैं चूंकि रविवार को फाइनल में 13 बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन रफेल नडाल से सामना होगा। रूड स्पेन में नडाल की टेनिस अकादमी में ही अभ्यास करते हैं और उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। रूड और सिलिच के बीच सेमीफाइनल मैच दस मिनट तक बाधित रहा था जब तीसरे सेट में एक पर्यावरण कार्यकर्ता कोर्ट पर घुस आया था।

## उमरान मलिक की स्पीड देख बोले शाहीन अफरीदी- स्विंग के बिना यह काम की नहीं

**कराची।** भारतीय तेज गेंदबाज उमरान मलिक की चर्चा पाकिस्तान में भी होने लगी है। बीते दिनों ही कामरान अकमल ने बयान दिया था कि अगर उमरान पाकिस्तान में होते तो अब तक राष्ट्रीय टीम में भी खेल चुके होते। अब पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीद अफरीदी ने उमरान मलिक पर टिप्पणी दी है। आईपीएल 2022 में 157 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले उमरान में शाहीन को कोई खासियत नजर नहीं आ रही। शाहीन ने कहा कि जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो आपके लिए सिर्फ स्पीड काम नहीं आती, यह स्विंग के बिना कुछ नहीं। अगर आपके पास स्विंग नहीं है तो आप कुछ खास नहीं कर सकते। 2021 का सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार जीतने वाले शाहीन ने कहा- यदि आप गेंद को स्विंग नहीं कर सकते तो गति आपकी मदद नहीं कर पाएगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज की तैयारी कर रहे हैं। शाहीन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में बल्लेबाजों को अपनी स्विंग से परेशान किया। वह विंडीज के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद कर रहा है।

# फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल मैच के दौरान महिला ने खुद को नेट से बांधा, वजह जानकर आप भी करेंगे समर्थन

**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन 2022 के सेमीफाइनल मैच में कैस्पर रुड का सामना मारिन सिलिस से हुआ। इस मैच के दौरान एक महिला कोर्ट पर पहुंची और खुद को नेट से बांध लिया। इस वजह से थोड़ी देर तक मैच रुका रहा और सुरक्षाकर्मी आकर महिला को कोर्ट से बाहर ले गए। इसके बाद खेल शुरू हुआ। यह महिला जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रदर्शन कर रही थी और मैच के बीच पहुंचकर सभी को यह चेतावनी देना चाह रही थी कि हमारे पास सिर्फ 1028 दिन बचे हैं, जिनमें हम अपनी धरती को बचा सकते हैं। इस महिला प्रदर्शनकारी ने सफेद रंग की एक टी शर्ट पहनी थी, जिसमें लिखा था 'हमारे पास 1028 दिन बचे हैं।'



**कैस्पर रुड की शानदार जीत**

इस मैच में कैस्पर रुड ने शानदार जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में वो लय में नहीं थे। नॉर्वे के रुड ने शुरुआत में सिलिस के अटैक का बचाव करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले सेट में उन्हें 3-6 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 23 साल के इस खिलाड़ी ने क्रोएशिया के सिलिस पर दवाब बनाया और आक्रामक अंदाज में खेलना शुरू किया। उन्होंने दूसरा सेट 6-4 के अंतर से अपने नाम किया और रुड को वापसी का मौका नहीं दिया। तीसरा सेट 6-2 और चौथा सेट भी 6-2 के अंतर से जीतकर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया।

**फाइनल में नडाल से होगा सामना**

फाइनल मैच में रुड का सामना राफेल नडाल से होगा, जो उनके आदर्श खिलाड़ी भी हैं। रुड मौजूदा समय में नडाल एकेडमी में ट्रेनिंग ले रहे हैं और उनके बाद लाल बजरी के सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैच के बाद रुड ने कहा कि वो फाइनल में पहुंचने का सपना देख रहे थे और करियर में पहली बार नडाल के खिलाफ खेलना उनके लिए बड़े गर्व की बात होगी। इससे पहले राफेल नडाल ने पहले सेमीफाइनल मैच में राफेल नडाल ने तीन घंटे 13 मिनट के बाद जीत हासिल की। नडाल के विपक्षी खिलाड़ी ज्वेरेव ने एक फोरहैंड खेलने का प्रयास किया और उनका पंजा मुड़ गया। इसके बाद वो दर्द की वजह से खेल नहीं सके और नडाल को वॉकओवर मिल गया। दर्द की वजह से ज्वेरेव चल नहीं पा रहे थे और उन्हें व्हीलचेयर पर कोर्ट से बाहर ले जाया गया।

## स्टिक पर ज्यादा पेंट करने पर जापानी गोल्फर मातसुयामा अयोग्य घोषित, प्रतियोगिता में भाग लेने से रोका गया

**नई दिल्ली।** पूर्व मास्टर चैंपियन जापान के 30 साल के गोल्फर हिदेकी मातसुयामा को प्रतियोगिता के बीच में अयोग्य घोषित कर दिया गया। अधिकारियों का मानना था कि उन्होंने अपनी 3-वुड (स्टिक का निचला हिस्सा) को कुछ ज्यादा ही सफेद पेंट किया हुआ है जोकि नियमों के खिलाफ है।

रिपोर्टों के अनुसार इसमें फ्लूड का इस्तेमाल किया गया है। दुनिया में 12वें नंबर के खिलाड़ी को जब अयोग्य घोषित किया गया तब वह 10वीं टी पर तीन ओवर के स्कोर पर थे।

आठ साल पहले 2014 में पेशेवर गोल्फ टूर पर पहली जीत हासिल करने वाले मातसुयामा को कॅरिअर में पहली बार अयोग्य घोषित किया गया है। मातसुयामा ने इसे अपने शुरुआती शॉट के



लिए उपयोग किया था। अगर उन्होंने इसका इस्तेमाल नहीं किया होता तो उन्हें अयोग्य घोषित नहीं किया जाता।

**गेंद की फ्लाइट पर पड़ सकता है असर**

चीफ रेफरी स्टीव रिनटोल ने कहा कि 3-वुड पर बनाई गई वृत्ताकार रेखाएं मुद्दा नहीं है लेकिन इसकी परत इतनी मोटी है कि इससे गेंद की फ्लाइट पर असर पड़ सकता है। नियम 4.1-ए (3) के तहत इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। रिनटोल ने कहा कि गोल्फ इंडस्ट्री में किसी ने मातसुयामा के क्लब (स्टिक) की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

इसके बाद इसे अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। उन्होंने कहा कि हमने मातसुयामा को प्रतियोगिता में इसके इस्तेमाल से रोकने में थोड़ी देर कर दी। जब हमने उनसे संपर्क किया तब वह दूसरे होल पर थे। मातसुयामा को प्रतियोगिता से हटना पड़ा। अब उन्हें दो हफ्ते के अंदर यूएस ओपन में हिस्सा लेना है।

## होर्ता के गोल से पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्पेन को ड्रॉ पर रोका, अलवारो मोराता ने भी दागा गोल

**बार्सिलोना।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर पूरा फोकस रखने के चक्कर में स्पेन की टीम ने पुर्तगाल के दूसरे स्थानापन्न खिलाड़ी पर ध्यान नहीं दिया और नेशंस लीग फुटबॉल में उसे 1-1 से ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।



रिकार्डो होर्ता ने पुर्तगाल के लिए बराबरी का गोल दागा।

होर्ता 2014 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण के बाद अपना दूसरा ही मैच खेल रहे थे। वह आखिरी मिनटों में मैदान पर उतरे थे और 82वें मिनट में गोल कर दिया। इससे पहले स्पेन के लिए अलवारो मोराता ने 25वें मिनट में गोल किया था। स्पेन को पिछले साल फाइनल में फ्रांस ने हराया था। लीग बी में नॉर्वे ने सर्बिया को 1-0 से हराया जबकि स्वीडन ने स्लोवेनिया को 2-0 से मात दी। इस्राइल ने आइसलैंड से 2-0 से ड्रॉ खेला।

## सौरभ चौधरी के बाद बागपत की शूटर युविका और सागर भारतीय टीम में, चांगवान विश्व कप में एक साथ खेलेंगे

**नई दिल्ली।** जोहड़ी गांव में बोए गए शूटिंग के बीज ने पूरे बागपत जिले में जड़े फैला ली हैं। सौरभ चौधरी की सफलता के बाद क्षेत्र के दो शूटरों ने पहली बार भारतीय टीम में जगह बनाई है। क्षेत्र के आरिकपुर खेड़ी गांव की युविका तोमर और खेड़ा अटाना गांव के सागर डांगी ने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बाद दो से नौ जुलाई को चांगवान में होने वाले विश्व कप के लिए टीम में चुन लिए गए हैं। खास बात यह है कि 19 साल के दोनों युवा शूटर 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के अलावा मिश्रित स्पर्धा में एक साथ खेलेंगे।

**सीधे सीनियर टीम अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू करेंगे सागर**

युविका की तरह सागर भी किसान परिवार से संबंधित हैं। उन्होंने भी चार साल पहले बड़ौत में बिपिन डांगी के पास शूटिंग शुरू की थी। बिपिन के मुताबिक सागर ने शूटिंग यह सोच कर शुरू की कि उन्हें आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में चयन हासिल करना



था। सागर ने इससे पहले न तो कभी जूनियर और न ही यूथ भारतीय टीम में जगह बनाई। उन्होंने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीधे सीनियर भारतीय टीम में जगह बनाई। सागर पहली बार सीनियर भारतीय टीम में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलेंगे, साथ ही वह पहली बार विदेश का भी दौरा करेंगे।

**युविका पहली बार चुनी गई सीनियर टीम में**

युविका ने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बाद बंगलूरू में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 583 के स्कोर के साथ स्वर्ण जीता। इसके बाद वह राष्ट्रीय शिविर में शामिल कर ली गईं। युविका के कोच अमित श्योराण के मुताबिक वह चांगवान जाने से पहले भोपाल में होने वाले कुमार सुरेंद्र शूटिंग टूर्नामेंट में शिरकत करेंगी। युविका भी सीनियर भारतीय टीम में पहली बार चुनी गई हैं। वैसे वह बाकू विश्व कप की भी टीम में होतीं, लेकिन यहां सिर्फ एयर राइफल टीम को ही भेजा गया।

## पैरालंपिक में देश को दो पदक दिलाने वाले शूटर को नहीं मिला वीजा, वर्ल्डकप खेलने का सपना टूटा

**नई दिल्ली।** भारत की पैराशूटिंग टीम के छह सदस्य फ्रांस में होने वाले शूटिंग विश्व कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इन सभी खिलाड़ियों को फ्रांस जाने के लिए वीजा नहीं मिला है। इस वजह से ये खिलाड़ी टूर्नामेंट



में भाग नहीं ले पाएंगे। इन खिलाड़ियों में भारत को दो बार पैरालंपिक में पदक दिलाने वाले सिंहराज अधना भी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों को फ्रांस के शैटॉरौक्स जाने के लिए वीजा की जरूरत थी और भारत सरकार इन खिलाड़ियों को वीजा दिलाने के लिए प्रयास भी किया था, लेकिन सभी प्रयास असफल रहे और अब ये सभी खिलाड़ी वर्लड कप का हिस्सा नहीं होंगे।

## वाकओवर से फाइनल में पहुंचे नडाल, तीन घंटे तक खेलने के बाद चोटिल हुए ज्वेरेव, व्हीलचेयर पर कोर्ट से गए बाहर

**नई दिल्ली।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच गए हैं। पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ उन्हें वाकओवर मिला। ज्वेरेव दूसरे सेट के दौरान चोटिल हो गए। कोर्ट पर ही उनके पैर में चोट लग गई। इस कारण आगे वो नहीं खेल पाए। मैच रोके जाने तक नडाल 7-6 (10-8), 6-6 से आगे थे। फाइनल में नडाल का मुकाबला क्रोएशिया के मारिन सिलिच और नॉर्वे के कैस्पर रूड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।

ज्वेरेव की नजर पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने पर थी। उन्होंने मैच में शानदार शुरुआत भी की। पहले सेट में नडाल और उनके बीच मुकाबला 91 मिनट तक चला। नडाल 6-6 की बराबरी के बाद टाईब्रेकर में नडाल 10-8 से जीत गए। उन्होंने पहले सेट को 7-6 (10-8) से



अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। खेल रोके जाने तक दोनों 6-6 की बराबरी पर थे। टाईब्रेकर के शुरू होते ही ज्वेरेव चोटिल हो गए। दूसरा सेट 102 मिनट तक चला।

**नडाल 13 बार जीत चुके हैं फ्रेंच ओपन**

नडाल 14वीं बार फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले 13 फाइनल में अब तक कभी भी वो नहीं हारे हैं। नडाल 13 बार फ्रेंच ओपन जीत चुके हैं। उन्होंने पहली बार 2005 में इस खिताब पर कब्जा किया था। उसके बाद 2006, 2007, 2008, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2017, 2018, 2019 और 2020 में भी जीते। उन्होंने चार यूएस ओपन, दो ऑस्ट्रेलियन ओपन और दो विम्बलडन ओपन खिताब भी अपने नाम किया है।

**दूसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में नहीं पहुंच सके ज्वेरेव**-दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी ज्वेरेव की बात करें तो ग्रैंड स्लैम ओपन में वो दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने के लिए उतरे थे। इससे पहले यूएस ओपन 2020 में उन्होंने खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी, लेकिन तब ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम के खिलाफ हार मिली थी।

## बाकू शूटिंग विश्व कप में अंजुम ने जीता रजत, चार पदक के साथ भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने अजरबैजान के बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में रजत पदक जीता जिससे भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

अंजुम स्वर्ण पदक के मैच में डेनमार्क की रिक्के मेंग इब्सेन से 12-16 से हार गईं। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम ने बृहस्पतिवार को 600 में से 587 के स्कोर के साथ 60 निशानेबाजों में चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष आठ रैंकिंग राउंड के लिए क्वालीफाई किया था।

क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण में वह 406.5 अंक के साथ इब्सेन (411.4) के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। अंजुम ने इस प्रतिद्वंद्वी को इसके बाद फाइनल में कड़ी चुनौती दी, लेकिन डेनमार्क की इस खिलाड़ी के पार नहीं पा सकीं। यह विश्व कप में अंजुम का दूसरा व्यक्तिगत रजत पदक है।

वहीं स्वप्निल, दीपक कुमार और गोल्डी गुर्जर की पुरुषों की भारतीय टीम ने '3पी' टीम प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। भारतीय तिकड़ी क्वालिफाइंग के दो चरण में शानदार



प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची लेकिन उन्हें क्रोएशिया से 7-17 से हार का सामना करना पड़ा। इस स्पर्धा में यूक्रेन ने ने कांस्य पदक जीता।

भारतीय के पास अब टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक हैं और वह कोरिया और सर्बिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हिलाओं की प्रतियोगिता में भारत करीबी अंतर से दो पदक से चूक गया।

## भविष्य में टेस्ट होंगे कम, आईसीसी चेयरमैन बार्कले का चौकाने वाला बयान आया सामने

**लंदन।** आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने चेताया है कि घरेलू टी20 लीगों की बढ़ती संख्या से द्विपक्षीय श्रृंखलाएं छोटी होती जा रही है और अगले दशक में इससे टेस्ट मैचों की संख्या में कटौती हो सकती है। नवंबर 2020 में आईसीसी चेयरमैन बने बार्कले ने कहा कि अगले साल से शुरू हो रहे अगले भावी दौरा कार्यक्रम को तय करते समय आईसीसी को बड़ी दिक्कतें आएंगी। उन्होंने इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान एक कार्यक्रम में कहा- हर साल महिला और पुरूष क्रिकेट का एक टूर्नामेंट है। इसके अलावा




घरेलू लीग बढ़ती जा रही है। इससे द्विपक्षीय श्रृंखलाएं छोटी हो रही है। उन्होंने कहा- इसके दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम होंगे। खेलने के अनुभव के नजरिये से भी और उन देशों के राजस्व पर भी जिन्हें ज्यादा खेलने के मौके नहीं मिलते खासकर भारत, आस्ट्रेलिया या इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ। उन्होंने कहा- अगले 10-15 साल में टेस्ट क्रिकेट खेल का अभिन्न हिस्सा तो रहेगा लेकिन मैचों की संख्या कम हो सकती है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे देशों पर इसका असर नहीं पड़ेगा। बार्कले ने यह भी कहा कि महिला क्रिकेट में टेस्ट प्रारूप का उतनी तेजी से विकास नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए घरेलू ढांचा उस तरह का होना चाहिए जो अभी किसी देश में नहीं है। मुझे नहीं लगता कि महिला क्रिकेट में टेस्ट प्रारूप का उतनी तेजी से विकास हो रहा है।

## जिले में कोरोना से 48 वर्षीय महिला की मौत

**लुधियाना।** कोरोना वायरस से 48 वर्षीय महिला की मौत हो गई उक्त महिला ढंडारी कला की रहने वाली थी और उपचार के लिए एस.पी.एस अस्पताल में उपचाराधीन थी। जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 2281 हो गई है, जबकि 109951 पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं। वर्तमान में जिले में मरीजों की संख्या 13 रह गई है। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार आज लाइन में 2291 सैंपल की जांच की गई, जिसमें से किसी की भी रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं आई। 1 अप्रैल से अब तक जिले में 175 पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं, इनमें से 168 मरीज ठीक हो चुके हैं, जबकि 2 मरीजों की मौत हुई है।

## 83 साल के केनिची का वर्ल्ड रिकॉर्ड:नाव से अकेले प्रशांत महासागर पार किया, 70 दिन में 4 हजार किमी दूरी तय की

**टोक्यो।** जापान के 83 साल के केनिची होरी शनिवार को एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। वे ऐसे पहले बुजुर्ग बन गए हैं जिन्होंने प्रशांत महासागर में अकेले और बिना रुके अपनी याट से नौकायन का रिकॉर्ड कायम किया। होरी 27 मार्च को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया से अपनी 990 किग्रा और 19 फुट लंबी सेलबोट-सनटोरी मरमेड थ्री से निकले थे।

**केनिची बोले- सफर आसान नहीं था**




शनिवार, यानी 4 जून को केनिची प्रशांत महासागर के पार नॉन-स्टॉप नौकायन कर शिकोकू द्वीप से वाकायामा पहुंचें, फिर यहां से वो टोक्यो पहुंचेंगे। केनिची ने 70 दिन में 4 हजार किमी दूरी तय की है।उन्होंने कहा कि यह सफर आसान नहीं था। घरवाले काफी परेशान रहते थे, इसलिए मैं हर रोज अपने परिवार से सैटेलाइट फोन से बात करता था, जिससे वो मेरी चिंता न करें। केनिची बताते हैं, 'अगर मैं दिन में एक बार परिवार को फोन नहीं करता था तो वे परेशान हो जाते थे। इस सफर में परिवार से होने वाली बातचीत ही मेरी ताकत बनी और मैं अपनी इस यात्रा को अंजाम दे पाया।' केनिची नाव पर एक मोबाइल ऐप और उपग्रह आधारित प्रसारण का उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनकी वेबसाइट को लोग वास्तविक समय में देख सकें।

## भारतीय डेलीगेशन का अफगानिस्तान दौरा: 22 हजार करोड़ के निवेश की सुध, पाक को भी घेरेगा भारत

**काबुल।** तालिबानी शासन वाले अफगानिस्तान में भारत के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की पहली यात्रा कई मायनों में दक्षिण एशिया की सियासत में मास्टर स्ट्रोक साबित होगी। पिछले 20 साल के दौरान भारत ने अफगानिस्तान में करीब 22 हजार करोड़ रुपए का



निवेश किया था। इसमें कई प्रोजेक्ट शामिल थे। करीब 5 हजार से ज्यादा भारतीय वहां इन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे।

अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। अब भारत सरकार की ओर से तालिबान सरकार के साथ संबंधों को बढ़ाने के लिए फिलहाल मानवीय आधार पर अनाज और दवाएं भेजने की कूटनीति अपनाई है। इस दौरे का एक और पक्ष अफगानिस्तान में पाकिस्तान के प्रभाव को कम करना भी है। भारत विरोधी हक्कानी गुट तालिबान सरकार में कमजोर हो रहा है। भारत इस मौके का फायदा उठाकर अपने निवेश की सुध ले रहा है और जियो पॉलिटिक्स से पाकिस्तान को भी घेर रहा है।

# भारत ने श्रीलंका में एंबुलेंस सेवा के लिए 3.3 टन चिकित्सा सहायता दी

**कोलंबो।** भारत ने श्रीलंका में सुवा सेरिया एंबुलेंस सेवा को 3.3 टन चिकित्सा आपूर्ति सौंपी। इस सेवा को 2016 में नयी दिल्ली की सहायता से शुरू किया गया था और इसने कोविड-19 के खिलाफ द्वीप राष्ट्र की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, ''श्रीलंका के लोगों से एक और वादा पूरा किया!!! मार्च में अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर को 1990 सुवा सेरिया के समक्ष आ रही दवाओं की कमी की दिक्कत से अवगत कराया गया था। महत्वपूर्ण जीवन रेखा को सुचारू रूप से चलाने में मदद के लिए उच्चायुक्त ने आज 3.3 टन चिकित्सा आपूर्ति सौंपी। इसने कहा, यह पिछले दो महीनों में भारत से वितरित 37 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से अधिक की चिकित्सा सहायता



का हिस्सा है। भारत से उपहार के रूप में एंबुलेंस की शुरुआत के बाद इस सेवा की मदद करके खुशी हो रही है। वर्ष 2016 में भारत से 76 लाख डॉलर के अनुदान के साथ सुवा सेरिया एंबुलेंस सेवा शुरू की गई थी। भारत ने इस सेवा के लिए मुफ्त एंबुलेंस भी प्रदान की थीं जो अब श्रीलंका के सभी प्रांतों में चलती हैं और कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।मार्च में श्रीलंका की अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 1990 सुवा सेरिया एंबुलेंस सेवा को देखा था और इसके कार्य तथा उपलब्धियों की प्रशंसा की थी। भारत ने पिछले सप्ताह श्रीलंका के लोगों के लिए 25 टन से अधिक चिकित्सा आपूर्ति और केरोसिन की मानवीय खेप दान में दी थी। इस बीच, श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवश्यक दवाओं के आयात के लिए कोविड-19 स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सुरक्षा कोष से 1.8 अरब रुपये का उपयोग करें क्योंकि देश इनकी कमी का सामना कर रहा है।

## चीन में पटरी से उतरी बुलेट ट्रेन, चालक की मौत, सात यात्री गंभीर रूप से घायल




**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन के गुइझोऊ प्रांत में शनिवार को भूस्खलन के कारण तेज रफ्तार ट्रेन पटरी से उतर गई, जिसमें चालक की मौत हो गई और कम से कम सात यात्री घायल हो गए। चीन के दक्षिण पश्चिमी गुईयांग प्रांत से दक्षिणी प्रांत ग्वांगझू की ओर जा रही बुलेट ट्रेन डी2809 उस समय रोंगजियांग स्टेशन पर अचानक हुए भूस्खलन के कारण पटरी से उतर गई। ग्लोबल टाइम्स अखबार के अनुसार ट्रेन के सातवें और आठवें डिब्बे युएझाई सुरंग के प्रवेश द्वार पर पटरी से उतर गए। इस घटना में चालक की मौत हो गई। वहीं सभी घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पताल भेजा गया और अन्य 136 यात्रियों को बचा लिया गया है। मौके पर बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**इससे पहले भी पटरी से उतरी थी ट्रेन**

बता दें कि इससे पहले मध्य चीन के हुनान प्रांत में एक ट्रेन पटरी से उतर गई थी। उस घटना के दौरान उसमें सवार रेलवे पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी और चार गंभीर रूप से घायल हो गए थे और 123 मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे का कारण लगातार बारिश और भूस्खलन था।

# ब्रिटिश क्वीन एलिजाबेथ के राजगद्दी पर 70 साल पूरे, सड़कों पर उतरा गया 260 साल पुराना सोने का रथ

**लंदन:** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सत्ता में 70 साल पूरे करने पर देश में जश्न का माहौल है । एलिजाबेथ जब महज 25 वर्ष की थीं तब उनकी ताजपोशी की गई थी। वह इस गद्दी को सबसे ज्यादा वक्त तक संभालने वाली हस्ती हैं और सात दशक से इस पद पर काबिज हैं। इस उपलक्ष्य में में चार दिनों का प्लैटिनम जुबली समारोह मनाया जा रहा है। एलिजाबेथ द्वितीय 96 वर्ष की हैं और वह सार्वजनिक कार्यक्रमों में कम ही दिखाई देती हैं। जश्न के इस अवसर पर अद्भुत कलाकृतियों वाला एक कोच जो ऐतिहासिक कला का चलता-फिरता नमूना है, सड़कों पर उतारा गया। यह जितना बाहर से खूबसूरत है उतना ही खूबसूरत भीतर से भी है जिसे बनाने में मखमल और साटन के कपड़े का इस्तेमाल किया गया है। ब्रिटिश राजशाही की वेबसाइट के अनुसार झांकी के दौरान महारानी खुद इस रथ पर सवार नहीं होंगी।



इसके बजाय जिस दिन उन्हें ताज पहनाया गया था उस दिन की फुटेज गाड़ी की खिड़कियों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई जाएगी। इस रथ को बनने में दो साल लगे थे और 1762 में इसका निर्माण पूरा हुआ था। गोल्ड स्टेट कोच ब्रिटेन में तीसरा सबसे पुराना कोच है जो अभी भी अस्तित्व में है। यह लकड़ी का बना है जिस पर सोने की परत चढ़ी हुई है। यह सात मीटर लंबा है और इसका वजन चार टन है और यह 3.6 मीटर ऊंचा है। वजन और सस्पेंशन के कारण इसका इस्तेमाल सिर्फ चलने की गति से ही किया जाता है।

सदियों के रखरखाव के कारण इस भव्य रथ पर सोने की कम से कम सात परतें चढ़ चुकी हैं। किंग जॉर्ज थर्ड के वास्तु सलाहकार सर विलियम चेम्बर्स ने इसे डिजाइन किया और कोचमेकर सैमुअल बटलर ने बनाया था। इस रथ को खींचने के लिए आठ घोड़ों की जरूरत पड़ती है। कोच पर उकेरी गई हर कला ब्रिटेन के इतिहास को श्रद्धांजलि देती है।

## चीन ने सबसे उन्नत बड़े मानवरहित पोत का निर्माण किया शुरू

**बीजिंग।** चीन ने देश के सबसे उन्नत बड़े मानव रहित जहाज का निर्माण शुरू कर दिया है, यहां तक ??कि वह अपने तीसरे विमान वाहक पोत के जलावतरण के लिये भी तैयार है। शंघाई में काफी समय तक कोविड-19 के प्रकोप के कारण इसमें देरी हुई थी। सरकारी 'ग्लोबल टाइम्स' की खबर के अनुसार, चाइना स्टेट शिपबिल्डिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (ष्टस्स्ष्ट) के अनुसंधान संस्थान के नेतृत्व में बड़े मानव रहित जहाज की परियोजना की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया था।

खबर में बृहस्पतिवार को कहा गया कि इसका मतलब है कि चीन में अपनी तरह का सबसे उन्नत जहाज आधिकारिक तौर पर निर्माण चरण में प्रवेश कर चुका है। 'हाई-स्पीड हाइड्रोफॉइल ट्राइमैरल' डिजाइन वाला यह ड्रोन जहाज अपनी तेज गति और ज्यादा क्षमता के साथ पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित प्रणोदन प्रणाली से युक्त होगा। इसके अलावा सबसे खास बात है कि



यह स्वतंत्र रूप से विभिन्न परिदृश्यों में मिशन को अंजाम दे सकता है। साथ ही चीन अपने तीसरे विमान वाहक पोत के जलावतरण की भी तैयारी में है।

इस पोत का पहले 23 अप्रैल को जनमुक्ति सेना नौसेना दिवस पर जलावतरण किया जाना था लेकिन शंघाई में दो महीने से ज्यादा समय तक कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण इसमें देरी हुई। एक चीनी सैन्य विशेषज्ञ ने ग्लोबल टाइम्स को बताया कि शंघाई के जियांग्नान शिपयार्ड में काम फिर से शुरू होने के साथ, तीसरे विमानवाहक पोत का जल्द ही जलावतरण किया जा सकता है। चीन के तीसरे विमानवाहक पोत के पहले के दो पोतों के मुकाबले बड़ा होने की उम्मीद है और इसमें संभावित रूप से विमान के उड़ान भरने के लिए पिछले दो वाहकों के स्की-जंप रैंप के बजाए विद्युत चुम्बकीय प्रक्षेपक का उपयोग होगा।

## सिद्धू मूसेवाला की मौत पर दुख जाहिर करके फंसी पाकिस्तानी सिंगर, सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोल

**पेशावर:** प्रसिद्ध सिंगर व रेपर शुभदीप सिद्धू मूसेवाला की मौत से देश में ही नहीं विदेशों में भी शोक की लहर है। अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, के अलावा भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी सिद्धू मूसेवाल के फैन उनकी मौत से दुखी हैं । लेकिन इस बीच पाकिस्तानी सिंगर शे गिल पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की मौत पर दुख जाहिर करने बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। लेकिन 'पसूरी' फेम शे गिल ने भी ट्रोल्स को कड़ा जवाब दिया है। कोक स्टूडियो सीजन 14 के 'पसूरी' गाने से फेमस हुई शे गिल इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए सिद्धू मूसेवाला की मौत पर अफसोस जताया था। गिल ने लिखा, 'दिल टूट गया। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार और दोस्तों को इस दुख को सहने की शक्ति दे।' लेकिन उनकी इस पोस्ट पर कुछ लोग ट्रोल करने लगे क्योंकि उन्होंने एक गैर-मुस्लिम व्यक्ति के लिए दुआ की। शे गिल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ हेटर्स के मैसेज और कमेंट्स के स्क्रीनशॉट शेयर करके तल्खी जाहिर की। उन्होंने लिखा, 'मुझे ऐसे बहुत से



मैसेज मिल रहे हैं। मैं केवल सभी को बताना चाहती हूं कि मैं मुस्लिम नहीं हीं। मैं क्रिस्चन हूं और एक क्रिश्चियन फैमिली से ही ताल्लुक रखती हूं। मैं अलग-अलग धर्मों के लोगों के लिए दुआ कर सकती हूं। अब अगर किसी ने मुझे ऐसे मैसेज भेजे तो उसे ब्लॉक कर दूंगी।' शे गिल ने कहा, यह गलत है कि लोग उनकी मोरल पुलिसिंग कर रहे हैं। मैं सच कहूं तो मैं इस तरह से यह बात नहीं बताना चाहती थी कि मैं क्रिश्चियन हूं लेकिन मैं लोगों से परेशान हो गई थी जो ऐसा सोचते हैं कि वे अपनी सोच के हिसाब से मुझे चला सकते हैं। सिद्धू मूसेवाला की 29 मई को पंजाब में उनके गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी मौत की जिम्मेदार कनाडा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बरार ने ली है। पाकिस्तान में सिंगर शाए गिल को जमकर ट्रोल किया जा रहा है और लोग उनके ऊपर तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं। पाकिस्तान में सिंगर शाए गिल को जमकर ट्रोल किया जा रहा है और लोग उनके ऊपर तरह तरह के आरोप लगा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री शहबाज, पुत्र हमजा की गिरफ्तारी की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने 16 अरब रुपये के धनशोधन मामले में शनिवार को विशेष अदालत से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उनके पुत्र और पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज को गिरफ्तार करने की इजाजत मांगी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार एफआईए ने विशेष अदालत (सेंट्रल-आई) से कहा है कि वह दोनों को इस केस में गिरफ्तार करना चाहती है। उल्लेखनीय है कि एफआईए ने नवंबर 2020 में शहबाज शरीफ और उनके बेटों हमजा और सुलेमान के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। सुलेमान पिछले तीन साल से ब्रिटेन में है। इस केस में 21 मई को पाकिस्तान की एक अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके बेटे और पंजाब के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज की अंतरिम जमानत की अवधि 28 मई तक बढ़ाते हुए दूसरे बेटे शहबाज सुलेमान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

# रूस को युद्ध अपराध के लिए जवाबदेह ठहराएगा अमेरिका

**संयुक्त राष्ट्र (हि.स.)।** अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने संकल्प लिया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद रूसी बलों के पूर्वी यूरोपीय देश में किए गए युद्ध अपराधों के लिए मॉस्को को जवाबदेह ठहराएगा।

अमेरिका विदेश मंत्री उजरा जेया ने अंतरराष्ट्रीय कानून के गंभीर उल्लंघनों के लिए जवाबदेही और न्याय को मजबूत करने से जुड़ी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि लगभग 100 दिनों में दुनिया ने रूसी सेना को यूक्रेन में प्रसूति केंद्रों, रेलवे-सबवे स्टेशनों, अपार्टमेंट और मकानों पर गोलाबारी करते देखा है। यहां तक कि सडकों पर साइकिल चलाने वाले नागरिकों को भी निशाना बनाया गया है। जेया ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध अपराधों की व्यापक अंतरराष्ट्रीय जांच का समर्थन करने के लिए अमेरिका लगातार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। वहीं, आयरलैंड के अटॉर्नी जनरल पॉल गैलाघर ने यूक्रेन में न्याय के आह्वान का समर्थन करने के लिए पिछले तीन महीनों में किए गए प्रयासों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आयरलैंड उन 41 देशों में से एक था, जिन्होंने यूक्रेन की स्थिति को तत्काल अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) में भेजा। गैलाघर ने कहा कि आईसीसी ने रूसी सेना के अपराधों की जांच और यूक्रेन के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 42 जांचकताओं, फॉरेंसिक विशेषज्ञों व अन्य कर्मचारियों का एक दल तैनात किया है। बैठक में संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने यूक्रेन में अपने कथित विशेष सैन्य अभियान को अचानक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में ले जाने को लेकर पश्चिमी देशों पर पाखंड करने का आरोप लगाया।

# रूस को युद्ध अपराध के लिए जवाबदेह ठहराएगा अमेरिका

**संयुक्त राष्ट्र,।** अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने संकल्प लिया है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद रूसी बलों के पूर्वी यूरोपीय देश में किए गए युद्ध अपराधों के लिए मॉस्को को जवाबदेह ठहराएगा। अमेरिका विदेश मंत्री उजरा जेया ने अंतरराष्ट्रीय कानून के गंभीर उल्लंघनों के लिए जवाबदेही और न्याय को मजबूत करने से जुड़ी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि लगभग 100 दिनों में दुनिया ने रूसी सेना को यूक्रेन में प्रसूति केंद्रों, रेलवे-सबवे स्टेशनों, अपार्टमेंट और मकानों पर गोलाबारी करते देखा है। यहां तक कि सडकों पर साइकिल चलाने वाले नागरिकों को भी निशाना बनाया गया है। जेया ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध अपराधों की व्यापक अंतरराष्ट्रीय जांच का समर्थन करने के लिए अमेरिका लगातार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## धार्मिक स्वतंत्रता पर भारत ने अमेरिकी रिपोर्ट खारिज की:कहा- धार्मिक आजादी का यहां सम्मान, अमेरिका में नस्लीय हिंसा

**वाशिंगटन :**भारत ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2021 को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा- ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में वोट बैंक की राजनीति की जा रही है। दुनियाभर में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की 2021 की रिपोर्ट अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने जारी की थी।

**भारत को लेकर अमेरिका का बयान**

इस दौरान ब्लिंकन ने कहा- दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है और यहां कई धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं, लेकिन यहां लगातार पूजा स्थलों और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जवाब दिया। जवाब में कहा- यह रिपोर्ट अमेरिकी अधिकारियों की बेबुनियाद जानकारी पर आधारित है। हम अपील करेंगे कि पहले से बनाई गई जानकारियों और पक्षपातपूर्ण नजरिये के आधार पर किए जाने



वाले मूल्यांकन से बचा जाना चाहिए।

**अमेरिका में हो रहा हेट क्राइम-** भारत ने अमेरिका में नस्लीय हिंसा और फायरिंग के मामलों का जिक्र किया। अरिंदम बागची ने कहा- एक डाइवर्स सोसायटी के तौर पर भारत धार्मिक आजादी और मानवाधिकारों का सम्मान करता है। अमेरिका के साथ बातचीत में हमने वहां के मुद्दों पर ध्यान दिलाया है। इसमें नस्ल और मूल के आधार पर होने वाले हमले, हेट क्राइम्स और गन वॉयलेंस के मुद्दे शामिल हैं।

**वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित बातों पर कनक्लूजन न निकालें**

भारत ने कहा- अमेरिका के साथ चर्चाओं में हमने लगातार उनके यहां नस्लीय भावना से प्रेरित हमलों, घृणा आधारित अपराध और बंदूक हिंसा से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं। वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित बातों और विचारों के आधार पर कोई कनक्लूजन नहीं निकाला जाना चाहिए। हम इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हैं।

**लोगों और धार्मिक स्थलों पर बढ़ रहे हमले- रिपोर्ट**

अरिंदम बागची ने कहा- हम आग्रह करते हैं कि राजनीति प्रेरित इनपुट के आधार पर आकलन से बचा जाना चाहिए। भारत धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों का आदर करता है।